रोहतक

रविवार, 27 अप्रैल 2025

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 86
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


मौसम
अधि. 43.6
न्यून. 17.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## पहलगाम हमले की जांच एनआईए करेगी, जम्मू-कश्मीर में सेना की छापेमारी

# आतंक के खिलाफ कड़ा एक्शन, आठ दहशतगर्दों के घर गिराए, 175 पकड़े

- सेना और पुलिस ने कहा, आतंकियों को खत्म करेंगे कई जिलों में हाईअलर्ट
- पाक फौज ने लगातार दूसरे दिन तोड़ा सीजफायर, भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब
- केंद्र सरकार की एडवाइजरी सुरक्षाबलों के ऑपरेशन का लाइव टेलीकास्ट न करें
- रेलवे ने कहा- गैर कश्मीरी कर्मी अकेले बाहर न जाएं, ईरान के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से की बात
- पाक ने कहा, हम निष्पक्ष जांच में सहयोग को तैयार

भाषा ▶▶| श्रीनगर

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्र, जम्मू-कश्मीर, सेना और अर्धसैनिक बल एक्शन में हैं। कश्मीर में आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को 5 और आतंकियों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया। अब तक 8 आतंकियों के घरों को जमींदोज किया जा चुका है। आतंकियों ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अब तक 175 दहशतगर्दों को हिरासत में लिया जा चुका है। उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल घाटी में आतंकी और उनके सहयोगियों एवं समर्थकों की तलाश कर रहे हैं। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों की गोलीबारी में 26 लोग मारे गए। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया और दुनिया भर में इसकी निंदा की गई है। 48 घंटों में छह आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। आतंकवादी गतिविधियों में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई है।



### सीमा पर तनाव, एलओसी पर बिना उकसावे के गोलीबारी

**श्रीनगर।** पाक सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना उकसावे के गोलीबारी की और भारतीय सैनिकों ने इसका मुंह तोड़ जवाब दिया। सैन्य सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों देशों में बढ़े तनाव के बीच लगातार दूसरी रात गोलीबारी हुई। पाकिस्तानी सैनिकों ने बृहस्पतिवार रात को भी एलओसी पर भारतीय चौकियों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की थी और भारत ने इसका मुंह तोड़ जवाब दिया था। एक सूत्र ने कहा, '25-26 अप्रैल की मध्य रात्रि कश्मीर में एलओसी के पार पाकिस्तान की कई सैन्य चौकियों से बिना उकसावे के गोलीबारी की गई।"

### इन पर कार्रवाई

अनंतनाग के बिजबेहरा इलाके में आतंकवादी आदिल थोकर और पुलवामा के त्राल इलाके में आतंकवादी आसिफ शेख के घर में रहस्यमय विस्फोट हुआ, जिससे दोनों के आवास नष्ट हो गए। थोकर पहलगाम हत्याकांड का मुख्य आरोपित है, जबकि शेख पर हमले की साजिश में शामिल होने का संदेह है। शनिवार को श्रीनगर में अभियान चलाया गया, जहां सफाकदल, सौरा, पांडच बेमिना, शाल्टेंग, लाल बाजार और जदीबल क्षेत्रों सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए पूरे जिले में मोबाइल वाहन जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

### मीडिया के लिए गाइडलाइन जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने मीडिया आउटलेट्स से सेना के ऑपरेशन्स और सुरक्षा बलों की आवाजाही का लाइव टेलीकास्ट न करने का निर्देश दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि ऐसी रिपोर्टिंग से अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है। यह सलाह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद रक्षा मामलों पर रिपोर्टिंग के मद्देनजर जारी की गई है। सअगर कोई चैनल केबल टीवी नेटवर्क अमेंडमेंट एक्ट 2021 के नियमों का उल्लंघन करता है तो कार्रवाई की जाएगी। इधर, रेलवे ने भी कश्मीर में तैनात गैर-कश्मीरी कर्मचारियों के लिए एडवाइजरी करते हुए कहा कि कोई गैर कश्मीरी कर्मचारी अकेले बाहर न जाए।

### कुपवाड़ा में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार जब्त



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में शनिवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद यह हथियार जब्त किए गए हैं। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया है, जिसमें पांच एके-47 राइफलें, आठ एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, एके-47 के 660 राउंड, एक पिस्तौल का एक राउंड और एम4 के 50 राउंड शामिल हैं।



## नूंह में पिकअप ने 11 लोगों को मारी टक्कर, 7 की मौत

- दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बिखरी लाशें, मरने वालों में 4 महिलाएं एक ही परिवार की
- हादसा इतना भयानक कि शव टुकड़ों में बंटे, सफाई में जुटे थे कर्मी, तभी पिकअप ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर नूंह में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप ने 11 लोगों को कुचल दिया, जिसमें 6 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में 4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं। हादसा इतना भयानक था कि शव टुकड़ों में बंट गए। ये सभी एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम करने आए थे। मरने वालों में 4 महिलाएं एक ही परिवार की हैं। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। सूचना के बाद फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में रखवाया। बताया जा रहा है कि इब्राहिमबास गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम चल रहा है। ठेकेदार ने कई गांवों के लोगों को इस काम में लगाया हुआ है। शनिवार सुबह 11 लोग सफाई करने के लिए पिकअप गाड़ी से उतर रहे थे। इसी दौरान गुरुग्राम की तरफ से आई तेज रफ्तार पिक अप गाड़ी ने उन्हें कुचल दिया।

### 6 महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ा

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 6 महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, एक पुरुष और 4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी को अस्पताल पहुंचाया। यहां पुरुष ने भी दम तोड़ दिया। घायल महिलाओं में से 2 की हालत नाजुक बनी हुई है, जिन्हें नल्हड़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

### लाशें बिखरी, कई शवों के टुकड़े हुए

हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर लाशें बिखरी दिखीं। कई शवों के टुकड़े हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### गाड़ी का ड्राइवर फरार

हादसे के बाद टक्कर मारने वाली पिकअप का ड्राइवर गाड़ी को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल, अभी पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से हादसे की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जाएगा।

### आईपीएल में आज



मुंबई V/S लखनऊ
समय : 3.30 PM
स्थान : मुंबई

दिल्ली V/S बैंगलुरु
समय : 7.30 PM
स्थान : दिल्ली

### खबर संक्षेप

#### पोप फ्रांसिस को दी गई अंतिम विदाई

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विश्व नेताओं और कैथोलिक अनुयायियों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। कार्यक्रम में पोप के रूप में फ्रांसिस की प्राथमिकताएं और पादरी के रूप में उनकी इच्छाएं प्रतिबिंबित हुईं।

पेज 8 भी देखें

#### चंडीगढ़ : सरकारी स्कूल के शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के लिए 'ड्रेस कोड' लागू किया है, जिसमें पुरुषों को फॉर्मल कपड़े और महिलाओं को सलवार-कमीज पहन कर आना होगा। विभाग ने शनिवार को इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी की।

### भारत और चीन के बीच बनी सहमति

## कैलाश मानसरोवर यात्रा 5 साल के बाद फिर शुरू होगी



- चीन ने दी मंजूरी, उत्तराखंड और सिक्किम के रास्ते 750 श्रद्धालु जाएंगे
- विदेश मंत्रालय ने आवेदन के लिए वेबसाइट खोली
- 30 जून से 25 अगस्त तक चलेगी मानसरोवर यात्रा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत और चीन जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करेंगे। पांच साल के अंतराल के बाद यह यात्रा होने जा रही है। इस कदम को पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध से बुरी तरह प्रभावित दोनों देशों के संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह यात्रा 30 जून से 25 अगस्त के बीच होगी। आवेदन प्रक्रिया के लिए वेबसाइट खोल दी है। तीर्थयात्री http://kmy.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। 13 मई, 2025 आवेदन करने की अंतिम तारीख है।

#### दो मार्गों से यात्रा

- पहला: उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा से 5 जत्थे में 50-50 यात्री कैलाश मानसरोवर जाएंगे।
- दूसरा : सिक्किम में नाथू ला के जरिये 10 जत्थे में 50-50 यात्रियों का ग्रुप यात्रा करेगा।

#### चीन के कब्जे वाले तिब्बत में कैलाश मानसरोवर

कैलाश मानसरोवर चीन के कब्जे वाले तिब्बत में है। विदेश मंत्रालय हर साल यात्रा का आयोजन करता है। हालांकि पिछले पांच सालों से चीन कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए भारतीयों को इजाजत नहीं दे रहा था। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद और कोविड की लहर इसकी वजह थी।

### बंदर अब्बास पोर्ट पर हादसा

## ईरान में बंदरगाह पर विस्फोट में 5 की मौत, 500 से अधिक घायल

- ज्वलनशील पदार्थों को रखने में लापरवाही से हुआ भीषण हादसा
- बंदर अब्बास पोर्ट के बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के कंटेनर यार्ड में ब्लास्ट

**तेहरान (भाषा)।** दक्षिणी ईरान के एक बंदरगाह पर भीषण विस्फोट और उसके बाद आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। देश के आपदा प्रबंधन संगठन के प्रमुख बाबाक महमूदी ने सरकारी टेलीविजन पर यह घोषणा की। बंदर अब्बास के ठीक बाहर शाहिद राजाई बंदरगाह पर हुए विस्फोट में कम से कम 516 अन्य लोग घायल हो गए हैं। यह इस्लामी गणराज्य के लिए कंटेनर शिपमेंट की एक प्रमुख सुविधा है, जहां से प्रति वर्ष लगभग आठ करोड़ टन माल की आवाजाही होती है।सोशल मीडिया पर वीडियो में धमाके के बाद काला धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया।सरकारी मीडिया फुटेज में घायलों को एक अस्पताल में जमा होते हुए दिखाया गया है, जहां एम्बुलेंस पहुंच रही थीं और चिकित्सक एक व्यक्ति को स्ट्रेचर पर ले जा रहे थे। अधिकारियों ने कई घंटे बाद भी विस्फोट का कोई कारण नहीं बताया, हालांकि वीडियो से पता चला कि बंदरगाह पर जिस चीज में भी विस्फोट हुआ, वह अत्यधिक ज्वलनशील थी। ईरानी सरकारी टीवी ने विस्फोट के कारण किसी भी ऊर्जा अवसंरचना को नुकसान पहुंचने की संभावना को खारिज कर दिया। प्रांतीय आपदा प्रबंधन अधिकारी मेहरदाद हसनजादेह ने ईरानी सरकारी टीवी को बताया कि प्रथम प्रतिक्रिया दल उस क्षेत्र में पहुंचने का प्रयास कर रहा है, जबकि अन्य लोग घटनास्थल को खाली करने का प्रयास कर रहे हैं।

### घुमा-फिराकर जवाब दे रहा आतंकी

## अब पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा मास्टरमाइंड राणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई पुलिस के मुताबिक मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 23 अप्रैल को दिल्ली में एनआईए दफ्तर में आरोपी राणा से करीब 8 घंटे पूछताछ की जिसमें उसने घुमा-फिराकर जवाब दिए थे। दिल्ली में एनआईए भी राणा से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश जारी है कि लश्कर और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने 26/11 हमले के लिए 3 साल से ज्यादा समय तक क्या तैयारी की और क्या योजना बनाई थी। राणा से उन लोगों के बारे में भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जिनके नाम हमले के दौरान आतंकियों और उनके हैंडलर्स के बीच इंटरसेप्ट की गई बातचीत में सामने आए थे। इनमें अब्दुर रहमान हाशिम सईद, साजिद मजीद, इलियास कश्मीरी और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे बड़े आतंकी शामिल हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 28 अप्रैल तक एनआईए कस्टडी में भेजा है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार कर रही है। आखिरी दौर की पूछताछ के बाद डिसक्लोजर स्टेटमेंट में उसे रिकॉर्ड पर लिया जाएगा।






## खबर संक्षेप




### युवाओं को खेलों की तरफ लाने के प्रयास करने होंगे : प्रवीण अत्रे

**पंचकूला।** तीजमल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में आल इन वन एजुकेशन एकेडमी सहारनपुर ने सापिंस क्रिकेट अकादमी चंडीगढ़ को तीन विकेट से हराकर ट्राफी अपने नाम कर ली। समापन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे मुख्य अतिथि रहे। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष रहे पूर्व विधायक ज्ञानचंद गुप्ता मौजूद रहे। प्रवीण अत्रे ने कहा कि आज युवाओं को खेलों की तरफ लाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में खिलाड़ियों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। विजेता टीम को 2.21 लाख रुपये का नगद पुरस्कार, ट्राफी दी गई और उपविजेता 1.21 लाख रुपये नगद एवं ट्राफी दी गई। तीसरे रनरअप को 51000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

### नगरपालिका कर्मचारी 27 को करेंगे आंदोलन

चंडीगढ़। सरकार द्वारा 7 अगस्त के समझौते में मानी गई मांगो के पत्र जारी न करने के खिलाफ नगरपालिका कर्मचारी संघ 27 अप्रैल को रोहतक में पालिका, परिषदों, नगर निगमों व फायर के कार्य कर्ताओ की राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित कर राजव्यापी आंदोलन का करेगा एलान। संघ, के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व महासचिव मांगे राम तिगरा ने यह जानकारी दी।

### नदियों का पानी पंजाब को लौटाया जाए : बोपाराय

**चंडीगढ़।** जागो पंजाब के अध्यक्ष और केंद्र सरकार के पूर्व सचिव स्वर्ण सिंह बोपाराय ने इसे ऐतिहासिक भूल बताते हुए आज मांग की है कि-झेलम, चिनाब और सिंधु का पानी पंजाब को आवंटित किया जाए। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बोपाराय, जो पहले पंजाब के सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव भी रह चुके हैं, ने कहा कि सिंधु जल संधि के तहत इन नदियों का 80 प्रतिशत पानी गलत तरीके से पड़ोसी देश को दे दिया गया था, जो अब निरस्त हो गई है। पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल संधि के निलंबन के साथ, पंजाब ने नदी के पानी के अपने सही हिस्से को दुबारा प्राप्त करने की नई उम्मीदें जगाई हैं।

### हमेशा जनता की सेवा करते रहेंगे : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है। प्रदेश की नॉन स्टॉप सरकार में जनता सर्वोपरि है और हम जनता के सेवक हैं। जनता की सेवा हमारे लिए भगवान की सेवा जैसी है। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने शनिवार को सोनीपत स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं और आमजन की समस्याओं को सुनने के दौरान ये बात कही। इस मौके पर उन्होंने सभी का कुशलक्षेम पूछा। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे लिए राजनीति सत्ता सुख का नहीं, बल्कि की सेवा का माध्यम है।

### गुरुग्राम को जलभराव मुक्त करना लक्ष्य : राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम को जलभराव से मुक्त करना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निगम व प्राधिकरण ने जलभराव के जो भी क्रिटिकल पॉइंट्स चिन्हित किए हैं। उन प्रत्येक पॉइंट्स पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। राव नरबीर गुरुग्राम में नगर निगम व जीएमडीए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अब तक की प्रगति का आकलन करने, चुनौतियों का समाधान के लिए चर्चा की गई।

---

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# सभी घोषणाएं तय समय में पूरी की जाएं, पहाड़ी वन क्षेत्र में चेक डैम बढ़ाएं, हर जिले में दो ऑक्सीवन हों

- बरसात के मौसम में पानी के संरक्षण पर जोर दें
- 29 अप्रैल को फिर होगी समीक्षा बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घोषणाओं को निर्धारित समय में पूरा किया जाए। सैनी ने कहा कि पहाड़ी वन क्षेत्र में अधिक से अधिक चैक डैम बनाएं ताकि बारिश के दिनों में पानी का संरक्षण हो सके। इसे जहां वन के पेड़-पौधों की पानी की आवश्यकता पूरी होगी वहीं भूजल का स्तर भी सही बनाए रखने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा हर जिले में दो ऑक्सीवन भी लगाए जाएं। मुख्यमंत्री यहां सीएम अनाउंसमेंट से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आज गृह विभाग, राजस्व, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव विभाग, परिवहन समेत आधा दर्जन विभागों की परियोजनाओं की समीक्षा की, शेष विभागों की सीएम अनाउंसमेंट की समीक्षा 29 अप्रैल को करेंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि चैक डैम के निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी भी कीमत पर समझौता न करें। उन्होंने सभी पुराने चैक डैम की वर्तमान स्थिति की जांच करके उनकी मरम्मत करने के भी निर्देश दिए।



#### गंदा पानी घग्गर में गया तो एसटीपी ठेकेदार पर पैनल्टी

मुख्यमंत्री सैनी ने घग्घर नदी को पर्यावरण की दृष्टि से साफ करने के निर्देश देते हुए कहा कि कुछ स्थानों पर एसटीपी के माध्यम से गंदे पानी को साफ करके घग्गर में डाला जा रहा है , इस दौरान ध्यान रखें कि एसटीपी खराब न हो और गंदा पानी बाईपास करके इस नदी में न जाए। अगर किसी जगह पर इस प्रकार की शिकायत मिली तो एसटीपी के ठेकेदार को पेनल्टी लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने आगामी बरसात के मौसम में सड़कों के किनारे पौधरोपण कर पेड़ बनने तक उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हर जिले में कम से कम दो ऑक्सीवन लगाने की योजना को मूर्त रूप प्रदान करें।

#### ईमानदारी से कार्य करें अधिकारी, पारदर्शिता बरतें

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को पूरी ईमानदारी से कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि वे विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं को पूरा करवाने में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतें। सभी कार्यों पर नजर रखें और कोताही न बरती जाए।राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय अंत्योदय की भावना से काम करते हुए समाज के गरीब से गरीब व्यक्ति तक योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर पहुंचाना है।इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

#### प्रोजेक्ट में देरी न की जाए देरी हो तो कारण बताएं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सीएम अनाउंसमेंट से संबंधित परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट तैयार होने में देरी होने से उसकी लागत भी बढ़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी वाजिब कारण से कार्य को पूरा करने में देरी होती है तो अधिकारी फाइल पर देरी होने का कारण अवश्य लिखें।

#### औद्योगिक क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड हो

सीएम नायब सैनी ने भविष्य में एचएसआईआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड के कार्यालय हेतु जगह सुनिश्चित करने को कहा ताकि उद्योग में होने वाली किसी आगजनी की घटना पर काबू पाने में देरी न हो।

---

### रोजगार मेले का 15वां चरण

## केंद्रीय न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पंचकूला में 56 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

रोजगार मेले के 15वें चरण के तहत आज आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर के विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी कड़ी में पंचकूला में आयकर के प्रधान आयुक्त कार्यालय द्वारा रेड बिशप कॉम्प्लेक्स में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर केंद्रीय विधि एवं न्याय तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गृह मंत्रालय, आयकर विभाग, बैंक ऑफ बड़ौदा, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), भारतीय रेलवे, दूरसंचार विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति निदेशालय (डीएफएसओ) सहित अन्य सरकारी विभागों में नियुक्त 56 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। केंद्रीय मंत्री ने नवनियुक्त युवाओं और उनके गौरवान्वित परिवारों को बधाई दी।

#### नई नौकरियां सृजित होंगी



केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ये नियुक्तियां केवल रोजगार के अवसर नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देने के महत्वपूर्ण अवसर हैं। नियुक्त लोगों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, परिश्रम और समर्पण के साथ पालन करने का आग्रह करते हुए उन्होंने 10 लाख सरकारी नौकरियां सृजित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भर्ती होने वाले लोगों को अपनी भूमिका को एक जीवंत और समृद्ध भारत के निर्माण में भाग लेने के अवसर के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित किया। मेघवाल ने कहा कि भारत अर्थव्यवस्था में 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

---

## मंत्री गोयल ने बंधवाड़ी कचरा प्रबंधन प्लांट का दौरा किया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने शनिवार को गुरुग्राम में बंधवाड़ी स्थित कचरा प्रबंधन प्लांट का दौरा किया और प्लांट में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम अधिकारियों और कचरा प्रबंधन का कार्य कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। मंत्री ने कचरा निष्पादन कार्य में और अधिक तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निकाय मंत्री ने अधिकारियों से प्लांट की कार्यप्रणाली, मशीनों की स्थिति और कचरे के प्रोसेसिंग की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

### पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहा : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने सच बोला है कि पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहा है और जगह जगह अड्डे बना रखे हैं। श्री विज ने कहा कि जहां तक बस चलेगा इनको उधेड़ा जाएगा और अब पाकिस्तान का आतंकवाद वाला स्कूल चल नही पाएगा। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब दे रहे थे। गौरतलब है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने बेशर्मी से यह स्वीकार किया कि उनका देश पिछले तीन दशकों से आतंकवादियों को समर्थन और प्रशिक्षण दे रहा है, लेकिन उन्होंने इसका दोष अमेरिका और पश्चिमी देशों पर मढ़ा है।



---

## हरियाणा की योजनाएं पंजाब में भी लागू करेंगे, भाजपा सरकार बनने पर एमएसपी पर खरीदेंगे फसल: सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

#### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब के डेराबस्सी में एक कार्यक्रम में शिरकत की



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के डेराबस्सी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। इसी का साक्ष्य है कि हरियाणा में किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है। वर्ष 2027 में पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर किसानों की सभी फसलों को हरियाणा की तरह एमएसपी पर खरीदा जाएगा। हरियाणा की कल्याणकारी योजनाओं को पंजाब में भी लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पिछले साढ़े दस सालों में किसानों को फसलों के खराबे को लेकर सरकार 14500 करोड़ दे चुकी है, जबकि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में किसानों को फसल खराबे के तौर पर महज 1155 करोड़ दिए गए थे। सैनी ने कहा कि पंजाब में पूर्व की कांग्रेस सरकार ने और अब मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार ने किसानों की कभी सुध नहीं ली है और न ही किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदा। पूर्व केंद्रीय मंत्री महारानी परनीत कौर, राज्यसभा सदस्य सतनाम संधू, गुरदर्शन सैनी, हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, संजीव वशिष्ठ व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

#### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सशक्त बना देश

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत विश्व में एक मजबूत व सशक्त देश बनकर उभरा है। हरियाणा में भी सरकार ने ईमानदारी, पारदर्शिता और सेवा को मूलमंत्र माना है। जातिवाद, तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति को समाप्त किया जिसकी बदौलत प्रदेश की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का कार्य किया। आज हरियाणा में एक जवाबदेह और संवेदनशील नॉन स्टॉप सरकार कार्य कर रही है।

---

## गेहूं की खरीद, उठान और भुगतान को लेकर परेशान हैं किसान : हुड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी सरकार मंडियों में गेहूं की खरीद, उसके उठान और किसानों को भुगतान में जानबूझकर देरी कर रही है। मंडियां फसल से अटी पड़ी हैं। वहां अनाज तो क्या पैर तक रखने की जगह नहीं बची है। लेकिन सरकार उठान में किसी तरह की तेजी लाने को तैयार नही हैं। हुड्डा ने कहा कि हर फसली सीजन की तरह इस बार भी बीजेपी ने दावे किए थे। लेकिन इस बार भी पोल खुल गई। मंडियों में जिस तेजी से गेहूं की आवक हो रही है, उस गति से खरीद नहीं की जा रही। प्रदेशभर से किसानों की शिकायतें आ रही हैं कि जानबूझकर किसानों को इंतजार करवाया जा रहा है। पहले खरीद और फिर उसके बाद फसल के उठान में इसलिए देरी की जा रही है, ताकि भुगतान को लटकाया जा सके।

## फसल खरीद में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : राणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शनिवार को कुरुक्षेत्र, कैथल और जींद जिलों की प्रमुख अनाज मंडियों का औचक निरीक्षण कर गेहूं खरीद कार्यों का का जायजा लिया। मंडियों में पहुंचने पर किसानों और आढ़तियों ने कृषि मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपने सुझाव एवं समस्याएं उनके सामने रखीं। निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने स्वयं तोल मशीनों की जांच की और फसल खरीद व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी अधिकारियों और आढ़तियों को सख्त निर्देश दिए कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मंडियों में स्थापित गेहूं की डायरियों (स्टॉक रिकॉर्ड) का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।

## सरकार की उपेक्षा से गिरती जा रही सरकारी स्कूलों की साख: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों की उपेक्षा के चलते 12 सालों में सरकारी स्कूलों में 5 लाख बच्चे कम हो गए। सरकार नई शिक्षा नीति की बात तो कर रही है पर उसके पास जर्जर स्कूली भवनों की मरम्मत या नए भवनों और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए धन नहीं है। सरकारी प्राइवेट स्कूलों को प्रोत्साहित कर सरकारी स्कूलों को बंद करने की साजिश कर रही है, अगर शिक्षा प्राइवेट स्कूलों के हाथों में पहुंच गई तो किसी गरीब का बच्चा पढ़ाई के सपने तक नहीं देख पाएगा। सबसे बड़ी बात ये है कि प्रदेश की जनसंख्या बढ़ रही है और स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हो रही है। सांसद सैलजा ने कहा है कि किसी भी राज्य या देश की प्रगति में शिक्षा का अहम योगदान होता है, सबको शिक्षा देना हर सरकार का दायित्व है।

### डिवीजन पर सीजीआरएफ गठित करने की नई पहल

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने उपभोक्ताओं के अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में यमुनानगर से उपभोक्ता संरक्षण सेल के अभियान की शुरुआत की। आयोग के सदस्य मुकेश गर्ग कहा कि उपभोक्ता सुविधा को बढ़ाने के लिए अब डिविजन स्तर पर भी सीजीआरएफ गठित करने का निर्णय लिया गया है। उपभोक्ता शिकायतों को गंभीरता से दर्ज कर समयबद्ध तरीके से उनका समाधान किया जाएगा। समस्याओं का एसडीओ स्तर पर समाधान करके उत्तर दिया जाए।

---

### पंजाब से सियासी व गैर सियासी लोगों का सैनी से मिलने का सिलसिला बढ़ा

# सक्रिय हुए नायब सैनी, पंजाब पर भाजपा की नजर, एक तीर से कई निशाने साधने की तैयारी

- पंजाब डेराबस्सी, जीरकपुर क्षेत्र से कई चेहरे भाजपा में शामिल होने की तैयारी में

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब की सियासत पर केवल नजर ही नहीं बल्कि सक्रिय हो गए हैं। शनिवार को डेराबस्सी मोहाली में कार्यक्रम रखा गया था, वहीं अप्रैल के पहले सप्ताह में जीरकपुर (चंडीगढ़ से सटे) में भी सैनी ने सभा को संबोधित किया था। पंजाब से सियासी व गैर सियासी लोगों का सैनी से मिलने का सिलसिला भी बढ़ा है, कुल मिलाकर पंजाब में भले ही विधानसभा के चुनाव दो साल बाद में हो लेकिन भाजपा यहां पर एक तीर से कई निशाने साधने की तैयारी में हैं। पंजाब के लोगों में भी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अप्रैल माह की शुरुआत में ही जहां सीएम नायब सैनी ने जीरकपुर में और शनिवार को डेराबस्सी में दो टूक कहा था कि पंजाब के लोगों का सभी सियासी दलों से विश्वास उठ चुका है, क्योंकि किसी ने भी पंजाब के लिए कुछ भी अच्छा नहीं किया और पंजाब को नुकसान पहुंचाया है। लोग बड़ी उम्मीदों के साथ आम आदमी पार्टी को मौका दिया था, लेकिन पंजाब का नुकसान ही किया है। सैनी ने दावा किया है कि पंजाब के लोगों को भाजपा एकमात्र विकल्प नजर आ रहा है, क्योंकि भाजपा पार्टी ही पंजाब को प्रगति के पथ पर वापस ले जा सकती है। सैनी ने खुल्लम खुल्ला बोल दिया है कि वे पंजाब में सरकार बनाएंगे। कुल मिलाकर सीएम हरियाणा की सक्रियता ने आप नेताओं की नींद भी हराम कर दी है।

#### प्रसिद्ध पंजाबी गायक गुरदास मान मिले हरियाणा के मुख्यमंत्री



एक ओर जहां सीएम हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सक्रियता पंजाब में बढ़ रही है, वहीं सीएम के सरकारी आवास पर पंजाब से मिलने वालों की संख्या भी अच्छी खासी हो गई है। शनिवार को प्रसिद्ध पंजाबी गायक गुरदास मान अचानक ही संत कबीर कुटिया सीएम आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सैनी के कामकाज की तारीफ करते हुए मुरीद गुरदास मान ने लंबी बातचीत की। नशे के ख़िलाफ़ मुख्यमंत्री नायब सैनी की नशे के खिलाफ पहल की गुरदास मान ने की प्रशंसा करते हुए कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की। संत कबीर कुटीर में मिलने पहुंचे पंजाब से लोगों का अभिवादन करते हुए सैनी ने उनसे लंबी मंत्रणा की, साथ ही हर तरह के सहयोग का आश्वसान दिया। इसके पहले भी भी बड़ी संख्या में हरियाणा सीएम से मिलने के लिए पंजाब के पंच सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधि सीएम के सरकारी आवास पर आ चुके हैं।

#### 2027 में हैं चुनाव

पंजाब में 2027 में विधानसभा चुनाव को लेकर सैनी की सक्रियता ने अभी से साफ कर दिया है कि पंजाब विस पर भाजपा हाईकमान की नजरें हैं। हालांकि पंजाब में 2027 में विधानसभा चुनाव होने तयह हैं। भाजपा पिछले साल लोकसभा में अकेले मैदान में उतरी थी। पार्टी के नेता कह भी चुके हैं कि अगला विधानसभा चुनाव पार्टी अपने ही दम पर लड़ेगी और सैनी पंजाब में अपनी गतिविधियां बढ़ा रहे हैं। भाजपा सैनी के जरिये पंजाब में पैर पसारने की नहीं बल्कि आने वाले समय के लिए सियासी प्लान पर काम करने लगी है। इस क्रम में सैनी ने सरपंचों, पंचों से मुलाकात की थी। आप के पार्षदों को पार्टी में शामिल कराने का काम किया। वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव हैं।

---

## अब जागृत ब्राह्मण सभा के लिए प्रशासक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

जागृत ब्राह्मण सभा, पंचकूला के मामले में स्टेट रजिस्ट्रार सोसायटीज, हरियाणा ने फैसला सुनाया। नई एडहाक कमेटी बनाने और प्रशासक नियुक्त करने के निर्देश। स्टेट रजिस्ट्रार ने निर्देश दिया कि जिला रजिस्ट्रार या तो स्वतंत्र पांच सदस्यों की नई एडहॉक कमेटी बनाए या फिर एक प्रशासक नियुक्त करे। प्रशासक सभा के रोजमर्रा के कामकाज संभालेगा और निष्पक्ष चुनाव कराएगा। आदेश सभी संबंधित पक्षों को भेजने के निर्देश दिए गए। विजय भारद्वाज ने जिला रजिस्ट्रार, फर्म्स एंड सोसाइटीज, पंचकूला के 17 जनवरी 2025 के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। अपील संख्या 56 ऑफ 2025 पर सुनवाई 22 अप्रैल 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। अपीलकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित नैन और प्रभात शर्मा पेश हुए। वहीं, जिला रजिस्ट्रार कार्यालय से विजेंदर कुमार स्टेनो उपस्थित रहे। अपील में कहा गया कि सभा की पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल 16 जनवरी 2025 को समाप्त हो गया था। इसके बाद चुनाव कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। जिला रजिस्ट्रार ने 17 जनवरी 2025 को आदेश जारी कर तीन सदस्यीय एडहॉक कमेटी बनाई थी। इसमें विकास कौशिक, नारायण दत्त शर्मा और विनोद मिश्रा को शामिल किया गया था। अपीलकर्ता ने आरोप लगाया कि एडहॉक कमेटी के दो सदस्य पूर्व पदाधिकारी और सभा अध्यक्ष के करीबी रिश्तेदार हैं। साथ ही ये सदस्य आगामी चुनाव में मतदाता भी हैं।

#### ज्ञापन दिया था

सभा पूर्व प्रधान धर्मवीर शर्मा ने बताया कि अपीलकर्ता के वकील ने बताया कि सभा के 150 से ज्यादा सदस्यों ने जिला रजिस्ट्रार को एडहॉक कमेटी के गठन के खिलाफ ज्ञापन दिया था। जिला रजिस्ट्रार ने कोई कार्रवाई शिकायत के बाद भी नहीं की। एडहॉक कमेटी का कार्यकाल भी बढ़ा दिया गया, जिसकी प्रति अपीलकर्ता को नहीं दी गई। अपीलकर्ता ने इसे गलत और अवैध करार दिया।

# अब भिवानी में एक गोदाम से मिले सरसों जैसे दानों के भरे 1900 बैग, रगड़ने से छूट रहा काला रंग

■ सरसों में मिलाने की तैयारी थी, अधिकारियों ने गोदाम सील किया ■ शुक्रवार को रेवाड़ी में पकड़ा गया नकली सरसों का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शनिवार को प्रशासन द्वारा गठित मार्केट कमेटी व विभागों की संयुक्त टीम ने डयूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में चारा मंडी के पास स्थित एक निजी गोदाम में छापा मारा। जहां पर करीब 19 सौ बैग सरसों जैसे काले दानों से भरे हुए मिले। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि इन बैगों में जो काले रंग के दाने भरे गए है, उस प्रत्येक बैग में कितना वजन है। मोटे तौर पर प्रति बैग 40 से 50 किलोग्राम के बीच में माना जा रहा है। फिलहाल टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में बैगों में भरे गए काले रंग के दानों के सैंपल ले लिए है और उनको जांच के लिए लैब में भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को मार्केट कमेटी के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि चारा मंडी के पास एक निजी गोदाम में सैकड़ों बैग लगे हुए है। जिनमें सरसों या सरसों जैसी कोई चीज हो सकती है। सूचना के बाद में मार्केट कमेटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उस वक्त भवन मालिक मिला,लेकिन उसने यह कहते हुए गोदाम को खोलने से इनकार कर दिया कि उनके पास गोदाम की चाबी नहीं है और उसने यह भवन किसी को किराए पर दे रखा है। उसके बाद टीम ने फोरी तौर पर गोदाम पर लगे ताले पर सील लगा दी। आज सुबह मार्केट कमेटी के अधिकारियों ने इस बारे में जिला प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के एसडीओ संदीप को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करके मौके पर भेजा। उसके बाद मार्केट कमेटी के सचिव अनिल कुमार अपनी टीम के साथ तथा वेयर हाऊस से अधिकारी श्याम सुंदर,दिलबाग, कृषि विभाग से संजय कुमार, जीएसटी से आशु कुमार को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। पहुंचने के बाद गोदाम का गेट खोला और वहां पर करीब 19 सौ बैग सरसों के लगे हुए मिले। उन सभी बैगों के सेम्पल लिए गए। जिनमें से सरसों के दानों जैसे काले रंग के दाने निकले। देखने पर वे सरसों के दानों जैसे ही लग रहे थे। एकबारगी देखने पर हर कोई सरसों की मान रहा। उन दानों को हाथ पर मसलने पर उनमें से काला रंग छूटने लगता है।

■ बैग का वजन 40 से 50 किलो के बीच

■ कई विभागों की टीम ने शहर के चारा मंडी क्षेत्र में गोदाम खंगाला



भिवानी। शहर की चारा मंडी में एक गोदाम में रखे बैग।



भिवानी। गोदाम को सील करते टीम के सदस्य।

## दानों को रगड़ने से उतर रहा काले रंग का पाउडर

बैगों से से लिए गए सेम्पल के दानों को जब हथेली पर रगड़ा गया तो दानों से काले रंग का पाऊडर उतरने लगा। थोड़ा सा और दबाव देने पर दाने पूरी तरह से टूट गए। उसके बाद न तो उनमें सरसों के दाने जैसा कोई चीज निकलती और न ही उसमें कोई तेल होता। अगर सरसों के दानों से मिलान करे तो पहली नजर में तो ये दाने पकड़ में ही नहीं आएंगे। अगर थोड़ा सा ज्यादा ध्यान दिया जाए तो ये दाने सरसों के दानों से ज्यादा काले नजर आऐंगे। खैर इस चीज को हर व्यक्ति नहीं पकड़ पाता। फिलहाल प्रशासन द्वारा गठित टीम ने इन बैगों से लिए गए सेम्पलों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जाएगा।

## गोदाम मालिक से पूछताछ के बाद खुलासा होगा

अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि निजी गोदाम में जो सरसों के दानों जैसे बैग भरे हुए मिले है। किस मकसद से निजी गोदाम में लगाए गए थे और इनका प्रयोग किस चीज में किया जाना है। यह तो सेम्पल की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि ये काले रंग के दाने किस चीज से बने थे और किस चीज में मिल सकते है। दूसरी तरफ जिस व्यक्ति के निजी गोदाम में ये बैग मिले है। वही व्यक्ति बता सकता है कि ये बैग कहा से मंगवाए थे और कहा जाने थे या क्या करना था। फिलहाल अपुष्ट तौर पर माना जा रहा है कि इन काले दानों से भरे बैगों को कहीं सरसों में तो मिलाने की तैयारी नहीं थी। खैर इस तरह की बाते करना अभी सभी हवाई साबित होंगी,लेकिन शुरुआती जांच में तो इसी तरह लग रहा है।

## सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करेंगे

मार्केट कमेटी के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम ने एक निजी गोदाम पर छापा मारा। छापे के दौरान टीम ने वहां पर करीब 19 सौ बैग मिले।उनमें सरसों जैसे काले रंग के दाने भरे हुए थे। शुरू में देखने पर लगता है कि दाने सरसों के है,लेकिन उन दानों में हाथ मारने पर उनसे काले रंग का पाऊडर उड़ने लगता है। उनके सेम्पल लिए गए है। जांच के लिए भेज दिए है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि ये दाने किस चीज के बने है। साथ ही उन्होंने बताया कि गोदाम मालिक को नोटिस देकर पूछा जाएगा कि ये किस चीज के दाने है और इन बैगों को किस लिए यहां पर रखा गया है। सारी जानकारी मिलने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

# महिला ने जुड़वा बच्चों के साथ जहर खाया

## हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क के पास शनिवार को गांव बिसला निवासी एक महिला के द्वारा अपने दो बच्चों सहित जहरीला पदार्थ निगलने का मामला सामने आया है। महिला और उसके दोनों बच्चों को पुलिस ने फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्राथमिक तौर पर कहा जा रहा है कि महिला का अपने पति के साथ झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया।

### पुलिस जांच में जुटी

फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और महिला के बयान के आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार गांव बिसला निवासी 30 वर्षीय पूजा की शादी 10 साल पहले ईश्वर के साथ हुई थी। ईश्वर गांव में ही जूस की रेहड़ी लगाता है। शादी के बाद उनके दो जुड़वा बच्चे हुए। पियुष और पंकज दोनों बच्चों की उम्र करीब 8 साल है। बताया जाता है कि पूजा का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद पूजा नाराज होकर अपने दोनों बच्चों को स्कूल लेने चली गई। स्कूल से दोनों बच्चों को साथ लेकर वह फतेहाबाद आ गई।

■ पति के साथ हुआ था झगड़ा, दस साल पहले हुई थी शादी

### पपीहा पार्क में बच्चों के साथ पहुंची थी महिला

इसके बाद पूजा मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क के पास पहुंची और किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद उसने दोनों बच्चों को भी यह जहरीली दवा खिला दी। इससे महिला और दोनों बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ी देखकर आसपास के लोगों ने इस बारे पुलिस को सूचना दी व एंबुलेंस को फोन किया गया। सूचना मिलते ही एम्बुलैंस मौके पर पहुंची और महिला और दोनों बच्चों को नागरिक अस्पताल में लाया गया। सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी ओमप्रकाश मौके पर पहुंच गए और महिला के परिजनों को सूचित किया। इसके बाद पूजा के परिजन भी अस्पताल में आए और यहां से महिला और उसके दोनों बच्चों को अग्रेहा मेडिकल रेफर कर दिया गया है। इस मामले में शहर थाना प्रभारी ओमप्रकाश का कहना है कि महिला का उपचार चल रहा है और उसके बयान के आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कनीना में युवकों की हवाई फायरिंग से दहशत

**कनीना।** गांव भोजावास में अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों ने शिकायतकर्ता पर दबाव बनाने के लिए पिस्तौल तानकर हवाई फायर करने व धमकी देकर दहशत पैदा करने के आरोप में पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में भोजावास वासी विनोद ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला सोमबीर उर्फ बल्लू अवैध रूप से शराब बेचने का कार्य करता है। जिससे उन्हें परेशान का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को साढ़े नौ बजे जब वह अपने घर के पास खड़ा था, तब सोमबीर, हेमंत, घनश्याम, अंकुर बाइक पर सवार होकर आए। हेमंत के पास पिस्तौल थी। जिसने दहशत फैलाने के लिए दो हवाई फायर किए। सोमबीर, हेमंत, अंकुर ने डंडे दीवारों पर मारकर धमकी दे रहे थे। पुलिस जांच में जुटी है।

### तोशाम-बवानी खेड़ा ड्रेन में शव मिला

**तोशाम।** जमालपुर निवासी 42 वर्षीय व्यक्ति का शव शनिवार को तोशाम बवानी खेड़ा ड्रेन से मिला है। पुलिस ने शव को ड्रेन से निकाल कर कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर इतिफाकिया कार्रवाई की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ड्रेन में एक शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। 42 वर्षीय कृष्ण जमालपुर का रहने वाला था

# युवक को अगवा कर फिरौती मांगने के आरोप में महिला सहित छह काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

गांव सिणंद के युवक को विदेश भेजने के नाम पर अपहरण करके लाखों रुपए फिरौती मांगने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा महिला आरोपी सहित 6 आरोपियों को काबू करके अपहरण किए गए युवक को रिहा करवाया गया है। जानकारी देते हुए एसपी आस्था मोदी ने बताया कि गांव सिणंद निवासी नरेश कुमार की शिकायत अनुसार उसका लड़का अंकित अकसर उनकी रिश्तेदारी में गांव उझाना आता जाता रहता था। वहां उसकी पहचान उझाना निवासी अंकित के साथ हो गई। अंकित उझाना ने उसके बेटे की पहचान धमतान साहिब निवासी सोनू से करवाई तथा उन्होने उसके बेटे को 19 लाख रुपए में कनाडा भेजने की बात की। 20 अप्रैल को उसके बेटे का उसके पास फोन आया कि मेरे खाते में एक लाख रुपए डाल दो, एजेंट सोनु ने कहा है कि मेरे फिंगर प्रिंट होने है तथा मे जम्मु जा चुका हुं। उसने उसके बेटे के खाते में एक लाख रुपए डलवा दिए। उसके बाद उसके बेटे का फोन बंद आने लगा। 22 अप्रैल को सुबह उसके बेटे का फोन आया कि में किडनैप हो गया हूं तथा फोन कट गया। कुछ देर बाद किडनैपर का फोन आया कि तथा 25 लाख रुपये खाते में डालने की बात हुई। उसके बाद 12 लाख रुपये खाते में डालने की बात बोली गई। मामले में पुलिस ने महिला आरोपी रेशम नगर जम्मू निवासी महिला सुमेघा शर्मा तथा संगरूर निवासी हर्षवीर सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

■ विदेश भेजने का झांसा देकर किया था युवक का अपहरण



कैथल। पुलिस की गिरफ्त में युवक को अगवा करने के आरोपी।

### भांभू गैंग का गुर्गा अमन कुमार पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

**भूना।** शराब ठेकेदार राजकुमार उर्फ राजा पर अक्टूबर माह में फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित अमन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भांभू गैंग का गुर्गा है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से 12 बोर का पिस्तौल बरामद किया। इससे पहले पुलिस सुशील उर्फ शीलू, सन्नी भूना, बिट्टू उर्फ कन्नू धारसूल कलां और अजय उर्फ ढोला चमारखेड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने इन आरोपियों से रिमांड के दौरान आठ पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस और नौ खाली कारतूस भी बरामद किए थे। अब शनिवार को अमन भूना को भी हिरासत में ले लिया गया। पुलिस रविवार को आरोपी को न्यायालय में पेश करेगी।जानकारी के अनुसार पुलिस टीम भूना क्षेत्र में अपराध रोकने के लिए गश्त कर रही थी। नेहरू पार्क के पास एक युवक पुलिस गाड़ी देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कपास को नुकसान



### सिरसा में कई गांवों में पर असर

**चोपटा(सिरसा)।** राजस्थान की सीमा से सटे चोपटा क्षेत्र में शनिवार शाम को आई तेज आंधी से खेतों में काम कर रहे किसानों का कार्य ठप हो गया। इसके साथ ही रेतीले क्षेत्रों मे कपास की फसल को काफी नुकसान हुआ है। लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। आंधी से रेतीले क्षेत्र में कपास की फसल भी खराब हो गई। क्षेत्र के कागदाना, कुम्हारिया, खेड़ी, गुसाईआना, राजपुरा, जसानिया, रामपुरा नवाबाद, चाहरवाला, जोगीवाला, शाहपुरिया सहित कई गांवों में शनिवार शाम को अचानक तेज आंधी चलने से फसलों को नुकसान हुआ।

### कपास के पौधे रेत में दब गए

रेतीले इलाकों में नरमा कपास के पौधे रेत में दब गए। जिससे उन्हें विजाई दोबारा करनी पड़ सकती है। उन्होंने बड़ी मुश्किल से महंगे दामों पर बीज लाकर बिजाई की थी लेकिन आंधी ने खराब कर दिया। ने बताया कि तेज आंधी से कपास व नरमे के पौधे रेत में दब गए। तथा गर्म हवा से पौधे जुलस कर नष्ट हो गए। उनका कहना है कि सरकार द्वारा नहरी पानी में कटौती करने के बाद बड़ी मुश्किल से कपास व नरमे की बिजाई की थी लेकिन कुदरत की मार ने सब कुछ चौपट कर दिया। किसानों का कहना है कि सरकार व प्रकृति की दोहरी मार भारी पड़ रही है।

## हरियाणा इलेक्ट्रो होम्योपैथी काउंसिल ने आयुष महानिदेशक से की भेंट

पंचकूला। हरियाणा इलेक्ट्रो होम्योपैथी काउंसिल के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज पंचकूला में आयुष विभाग के महानिदेशक से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को सरकारी मान्यता दिलाने हेतु संबंधित फाइल को औपचारिक रूप से खोलने के विषय में चर्चा करना था। इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. विनोद खानागवाल, डॉ. संदीप सैनी, डॉ. वेद, डॉ. विनोद सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। उन्होंने एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रभावशीलता, जनस्वास्थ्य में योगदान और इसके वैज्ञानिक आधार को सामने रखा प्रस्तुति में काउंसिल ने यह स्पष्ट किया कि यह चिकित्सा पद्धति लंबे समय से देश के विभिन्न हिस्सों में कार्यरत है और इससे लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आयुष विभाग से अनुरोध किया कि इस चिकित्सा प्रणाली को वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में मान्यता दी जाए, जिससे न केवल चिकित्सकों को कानूनी दर्जा प्राप्त हो, बल्कि मरीजों को भी सुरक्षित और प्रमाणिक उपचार मिल सके।



## लोन न चुकाने पर युवती को उठाकर ले जाने की धमकी

**गुरुग्राम।** भोंडसी थाना एरिया में लोन की इंस्टालमेंट नहीं भरने पर रिकवरी एजेंट द्वारा एक युवती का उत्पीडऩ करने व उसे सडक़ से उठा ले जाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। यहीं नहीं आरोपी ने युवती व उसके रिश्तेदारों को फोन कर गाली गलौज भी की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुडग़ांव के ग्लोबल पार्क सोसाइटी में रहने वाली युवती ने बताया कि उन्होंने कुछ बैंकों से कर्ज लिया था। लेकिन आर्थिक नुकसान होने के कारण वह कुछ समय से इंस्टॉलमेंट नहीं भर पाई। ऐसे में इंस्टॉलमेंट रिकवरी के लिए नागर नामक व्यक्ति उनके घर आया जिसने उनसे अभद्रता की। इतना ही नहीं आरोपी ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए उनकी अनुमति के बिना वीडियो भी बनाई। आरोप है कि आरोपी ने उन्हें इंस्टॉलमेंट न भरने पर सडक़ पर जाते हुए किडनैप करने की धमकी भी दी। यही नहीं आरोपी ने उन्हें कई दिनों तक व्हाट्सएप मैसेज भेजकर व उनके रिश्तेदारों व दोस्तों को फोन कर परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसने रिश्तेदारों व दोस्तों की लिस्ट भी उन्हें भेजी और उन्हें फोन कर गाली गलौज की। पीड़िता ने बताया कि जब उसने इस बारे में बैंक से संपर्क किया तो पाया कि आरोपी बैक कर्मचारी नहीं बल्कि लोन रिकवरी करने वाली एजेंसी का कर्मचारी है।

# भूमि विवाद में पोते ने दादा को कुल्हाड़ी से काटा

■ 95 साल के थे दयानंद, पुलिस ने आरोपी नरेंद्र को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना के समीपवर्ती गांव चेलावास में जमीनी विवाद के चलते शुक्रवार रात्रि पौते ने अपने 95 वर्षीय दादा की तेजधर हथियार से वारकर दर्दनाक हत्या कर दी। वहीं पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपित को राउंडअप कर लिया है। मृतक व्यक्ति का पंचनामा उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में एफएसएल बोर्ड से करवाकर शव परिजनों के हवाले किया गया। जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई सालों से इनका जमीन का विवाद बताया जा रहा है। जिसे लेकर 37 वर्षीय पौते नरेंद्र कुमार ने अपने 95 वर्षीय दादा दयानंद पर कुल्हाड़ी से कई वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। माना जा रहा है कि अत्यधिक खून बहने के कारण उसकी हालत गंभीर हो गई। जिस पर परिजनों ने उसे उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतक के बेटे विनोद की शिकायत पर छानबीन कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार ने बताया कि वे पांच भाई हैं तथा सभी शादीशुदा हैं, वह सबसे छोटा है। उनकी माता का देहांत हो चुका है। पिता दयानंद उसके साथ ही रहता है। सबसे बड़ा भाई सुरेंद्र है, जिसका बड़ा लड़का नरेंद्र आविवाहित है, उसका छोटा भाई दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। शुक्रवार रात करीब सवा सात बजे वह अपने पिता को खाना खिलाने के बाद उन्हें लिटाकर खुद खाना खाने के लिए अंदर चला गया। इस दौरान नरेंद्र अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर अंदर आया और आते ही उनके पिता के सिर में कई बार वार कर दिए। शोर सुनकर वह दौड़कर दरवाजे में आया, तो नरेंद्र ने उन पर भी कुल्हाड़ी से वार करना चाहा, लेकिन वह बच निकला।

■ आरोपी ने बुजुर्ग के सिर पर कुल्हाड़ी से कई वार किए



कनीना। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी पोता।

### आरोपी पहले भी कई बार दे चुका था धमकी

रविनोद कुमार ने बताया कि उनके मकान के सामने कुछ दूरी पर अपने अपने हाथ हाथों में डंडे लिए हुए सुरेंद्र, नफे सिंह, प्यारी, ओमपति व प्रेम भी खड़ी हुई थी, जो उनके परिवार को खत्म करने की बात कह रही थी। इन सभी ने सलाह करके षड्यंत्र के तहत देवेंद्र वासी चेलावास के कहने पर पिता पर नरेंद्र से कुल्हाड़ी से वार करवाया है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार देवेंद्र ने दिल्ली पुलिस में नौकरी का हवाला देते हुए मौका मिलने पर परिवार सहित खत्म करवा देने की धमकी दे चुका था। वह अपने पिता को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए उप नागरिक अस्पताल कनीना में लेकर गए और पुलिस को सूचना दी। जहां पर चिकित्सकों ने दयानंद को मृत घोषित कर दिया। वहीं सिटी थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि विनोद कुमार की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर हत्यारोपित नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उससे हथियार बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# रोडवेज बस व ट्राले में टक्कर

■ हादसे के बाद बस खेतों में उतरी, चालक- परिचालक सहित सवारियां घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

निकटवर्ती गांव खैरेकां के निकट नेशनल हाइवे पर शनिवार को रोडवेज बस व ट्रक ट्राले में टक्कर हो गई। इस हादसे में बस सवार दो-तीन सवारियों व चालक-परिचालक को चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर के बाद बस सड़क से नीचे उतर गई। जानकारी के अनुसार सुबह रोडवेज की बस सिरसा से संगरिया की तरफ जा रही थी।

बस चालक ने सवारियां चढ़ाने के लिए बस को खैरेकां के पास रोका था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्राले ने बस को टक्कर मार दी और बस सडक़ से नीचे उतर गई। हादसे की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस व रोडवेज विभाग को दी।



### ट्राले ने बस को पीछे से मारी टक्कर

हादसे में घायल हुए यात्री जयप्रकाश ने बताया कि वह हरियाणा रोडवेज की बस में सवार होकर अपने गांव चक्कां-भूना की ओर जा रहा था। जब बस खैरेकां पहुंची तो बस चालक ने बस हाईवे पर रोक दी। तभी पीछे से लोडिड ट्राला चालक ने तेज रफ्तार और गफलत से वाहन चलाकर बस में सीधी टक्कर मारी। उसने बताया कि इस एक्सीडेंट में उसे व सवारियों को चोटें आई।

खिताब की जंग IPL 18



# सबसे महंगा प्लेयर और शर्मनाक प्रदर्शन, पंत ने बरकरार रखी 17 साल पुरानी परंपरा

**नई दिल्ली।** एक कहावत है 'ऊंची दुकान, फीके पकवान', जो आईपीएल के लगभग सभी सीजन में सटीक बैठती है। लीग में बड़े नाम वाले खिलाड़ी जिनके लिए फ्रेंचाइजी भारी रकम खर्च करती है, लेकिन वे अक्सर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इंडियन प्रीमियर लीग में जब फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश करती हैं तो इस उम्मीद के साथ करती हैं कि ये खिलाड़ी उनके लिए किस्मत बदलने वाला साबित होगा। इसी कारण लीग के महंगे खिलाड़ियों की राशि में सीजन दर सीजन इजाफा होता रहा है। आईपीएल-2025 में लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को 27 करोड़ में खरीदा और वह लीग के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने, लेकिन पंत अब तक फेल रहे। ये नई बात नहीं है। लीग का इतिहास है कि जो सीजन का महंगा खिलाड़ी रहा वो फेल हुआ है।

### मिचेल स्टार्क : 2024 : 17 विकेट

मिचेल स्टार्क को कोलकाता ने 24.75 करोड़ में खरीदा था। पिछले सीजन स्टार्क ने 13 मैच खेले थे और 17 विकेट लिए थे।

### सैम करन : 2023 : 276 रन

सैम करन आईपीएल 2023 के सबसे महंगे प्लेयर थे। पंजाब किंग्स ने उन पर 18.5 करोड़ रुपए खर्च किए थे। करन ने 14 मैच की 13 पारियों में 276 रन बनाए थे।

### ईशान किशन : 2022 : 418 रन

ईशान किशन तब सबसे महंगे प्लेयर थे। मुंबई इंडियंस ने ईशान किशन को 15.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। ईशान ने 15वें सीजन में 14 मैच खेले थे और 418 रन बनाए थे।

### क्रिस मॉरिस : 2021 : 15 विकेट

राजस्थान रॉयल्स ने् रिस मॉरिस पर 16.25 करोड़ रुपए खर्च कर दिए थे। 11 मैच में सिर्फ 15 विकेट हासिल किए थे। साथ ही वह 7 पारियों में 67 रन ही बना पाए थे।

### पैट कमिंस : 2020 : 12 विकेट

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज कमिंस को कोलकाता ने 15.5 करोड़ में अपने साथ जोड़ लिया था। 14 मैच में सिर्फ 12 सफलताएं प्राप्त की थीं।

### उनादकट : 2019 : 10 विकेट

जयदेव उनादकट (राजस्थान रॉयल्स) और वरुण चक्रवर्ती (किंग्स 11 पंजाब) थे। दोनों को उनकी फ्रेंचाइजी ने 8.4-8.4 करोड़ रुपये में खरीदा था। जयदेव उनादकट ने 11 मैच में सिर्फ 10 विकेट लिए थे। वहीं वरुण ने 1 मैच में 1 ही विकेट लिया था।

### ऋषभ पंत

2025

27 करोड़

106 रन

आईपीएल 2025 में अब तक पंत का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने 18वें सीजन में अब तक खेले 9 मैच की 8 पारियों में सिर्फ 106 रन बनाए हैं। इस दौरान वह एक ही अर्धशतक लगा पाए हैं।



### बेन स्टोक्स : 2018 : 8 विकेट

राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 12.5 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था। 11वें सीजन में स्टोक्स ने 13 मैच खेले थे और सिर्फ 8 विकेट लिए थे।

### बेन स्टोक्स : 2017 : 316 रन

राइजिंग पुणे सुपरजायंट ने बेन को 14.5 करोड़ में खरीदा था। 12 मैच की 11 पारियों में 316 रन बनाए थे। साथ ही 12 विकेट भी अपने नाम किए थे।

### शेन वॉटसन : 2016 : 179 रन

बेंगलुरु ने शेन वॉटसन पर 9.5 करोड़ रुपये खर्च किए थे। वॉटसन ने उस सीजन 16 मैच की 15 पारियों में 179 रन बनाए थे।

### युवराज सिंह : 2015 : 248 रन

दिल्ली डेयरडेविल्स ने युवराज को 16 करोड़ रुपए में खरीदा था। 14 मैच खेले थे और 13 पारियों में 248 रन बनाए थे।

### युवराज सिंह : 2014 : 376 रन

आरसीबी ने युवी पर 14 करोड़ खर्च किए थे। 14 मैच में 376 रन बनाए थे।

### ग्लेन मैक्सवेल : 2013 : 36 रन

ग्लेन मैक्सवेल पर मुंबई इंडियंस ने 6.3 करोड़ रुपये खर्च किए थे। मैक्सवेल ने 3 मैच की 3 पारियों में 36 रन बनाए थे।

### रवींद्र जडेजा : 2012 : 191 रन

चेन्नई सुपर किंग्स ने रवींद्र जडेजा को 12.8 करोड़ में अपने साथ जोड़ा था। 19 मैच खेल 191 रन बनाए थे। 12 विकेट लिए थे।

### गौतम गंभीर : 2011 : 378 रन

कोलकाता नाइटराइडर्स ने गौतम गंभीर को 14.9 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। गंभीर ने उस सीजन 15 मैच खेल थे और 15 पारियों में 378 रन बनाए थे। वह चौथे सीजन 16वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर थे।

### शेन बॉन्ड : 2010 : 9 विकेट

शेन बॉन्ड (कोलकाता) और कीरोन पोलार्ड (मुंबई) को उनकी फ्रेंचाइजी ने 4.8-4.8 करोड़ देकर अपने साथ जोड़ा था। शेन बॉन्ड ने 8 मैच में 9 विकेट लिए थे। वहीं पोलार्ड ने 14 मैच में 15 शिकार किए थे।

### केविन पीटरसन : 2009 : 93 रन

केविन पीटरसन (आरसीबी) और एंड्रयू फ्लिंटॉफ (सीएसके) को फ्रेंचाइजी ने 9.8-9.8 करोड़ रुपए खर्च किए थे। पीटरसन ने 6 मैच खेले थे और 93 रन बनाए थे। वहीं फ्लिंटॉफ 3 मैच में 62 रन ही बना सके थे।

### महेंद्र सिंह धोनी : 2008 : 414 रन

महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के पहले सीजन के सबसे महंगे प्लेयर थे। 2008 में सीएसके ने उन पर 9.5 करोड़ खर्च किए थे। धोनी ने लीग के डेब्यू सीजन में 414 रन बना दिए थे। वह पहले सीजन 9वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप



### आप अधिक कमियां दूर नहीं कर सकते

**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी ने मौजूदा आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लगातार खराब प्रदर्शन पर अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा है कि जब एक ही समय में चार-पांच खिलाड़ी फॉर्म खो देते हैं तो टीम के लिए वांछित परिणाम हासिल करना मुश्किल होता है। धोनी ने सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों पांच विकेट से मिली हार के बाद कहा, 'इस तरह के टूर्नामेंट में अगर एक या दो क्षेत्रों में कमियों को दूर करना है तो यह अच्छा है लेकिन जब अधिकांश खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं तो मुश्किल हो जाती है। ऐसे में आपको बदलाव करने की जरूरत होती है। आप बस चलते नहीं रह सकते। हम पर्याप्त रन नहीं बना पा रहे हैं।'

### शुभंकर हेनान गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूके

**हेनान।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके और दूसरे दौर में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने के कारण हेनान क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने से चूक गए।



उनका 69-75 के कार्ड से उनका दो दौर में स्कोर इवन पार रहा। दूसरे दिन का खेल अंधेरा होने के कारण रोकना पड़ा था लेकिन जब सुबह दूसरे दौर का खेल खत्म हुआ तो यह भारतीय कट से चूक गया। वह पिछले हफ्ते वोल्वो चाइना ओपन में भी कट से चूक गए थे।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया 'ए' से 3-5 से हारी

**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शनिवार को अपने पहले मैच में दमदार खेल दिखाने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ 3-5 की हार का सामना करना पड़ा।




भारत की ओर से महिमा टेटे (27वें मिनट), नवनीत कौर (45वें मिनट) और लालरेम्सियामी (50वें मिनट) ने गोल किए, जबकि नेसा फ्लिन (तीसरे), ओलिविया डाउन्स (नौवें मिनट), रूबी हैरिस (11वें मिनट), टैटम स्टीवर्ट (21वें मिनट) और केंड्रा फिट्ज़पैट्रिक (44वें मिनट) ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया 'ए' के लिए गोल किए।

## आईपीएल: किंग्स पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर पहुंची

# बारिश के कारण पंजाब और केकेआर मैच रद, दोनों टीमों को 1-1 अंक मिला

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पंजाब किंग्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को शनिवार को यहां तेज आंधी और बारिश के कारण रद्द कर दिया। प्रभसिमरन सिंह (83) और प्रियांश आर्य (69) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 72 गेंद में 120 रन की साझेदारी के बूते पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 201 रन बनाये। पंजाब की टीम14वें ओवर के बाद एक विकेट पर 158 रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी लेकिन केकेआर के गेंदबाजों ने आखिरी छह ओवर में सिर्फ 43 रन पर तीन विकेट लेकर उन्हें 201 रन पर रोक दिया। केकेआर ने लक्ष्य का पीछा करते हुए एक ओवर में बिना किसी नुकसान के सात रन बना लिये थे तभी रात लगभग 9.35 बजे अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गयी। आंधी इतनी तेज थी कि मैदानकर्मियों को मैदान को कवर्स से ढकने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। तेज हवा के कारण कुछ कवर्स फट गये और कुछ उड़कर बाउंड्री और दर्शक दीर्घा की तरफ चले गये। लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने की गुंजाइश नहीं बची और लगभग 90 मिनट के इंतजार के बाद, मौसम में कोई सुधार न होने पर, मैच को आधिकारिक तौर पर रात 10.58 बजे रद्द कर दिया गया। मैच रद होने से दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किया। कोलकाता नाइट राइडर्स के अब नौ मैचों में सात अंक हैं और वह सातवें स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स के नौ मैचों में 11 अंक के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गया है। इससे पहले प्रभसिमरन ने 49 गेंद की पारी में छह छक्के और इतने ही चौके जड़े जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना पहला शतक जड़ने वाले प्रियांश ने 35 गेंद की पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाये। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और प्रभसिमरन तथा प्रियांश की जोड़ी ने उसे सही साबित किया। प्रियांश ने शुरुआती ओवरों में आक्रामक रूख अपनाया तो वहीं उनके आउट होने के बाद प्रभसिमरन ने तेजी से रन बनाये। प्रभसिमरन एक समय 34 गेंद में 32 रन पर खेल रहे थे लेकिन उन्होंने अगले 17 गेंद में 49 रन जोड़ डाले।




### मुंबई और लखनऊ में आगे निकलने की होड़

**मुंबई।** हमेशा की तरह शुरू में लड़खड़ाने के बाद शानदार वापसी करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं।

### आरसीबी और दिल्ली में आज होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में भारत के दो धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल तथा आस्ट्रेलिया के दो खतरनाक तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड आकर्षण का केंद्र होंगे। आईपीएल में चीजें तेजी से बदल सकती हैं लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है। फ़िरोज़ शाह कोटला में दो अंक इस संदर्भ में विजेता टीम को महत्वपूर्ण रूप से मदद करेंगे।

## खास खबर

### आईपीएल में अब 300 रन भी संभव : रिंकू

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग अब ऐसे मुकाम पर पहुंच गई है जहां कोई टीम एक पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर जाए तो कोई हैरानी नहीं होगी। आईपीएल 2025 अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है तो इस बात की चर्चा जोरों पर है कि लीग के इस चरण में टीमें एक पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर सकती हैं क्योंकि फ्रेंचाइजी 'पावरहिटिंग' पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।



### हो सकता है नीलामी में गलतियां की : फ्लेमिंग



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की लगातार हार से आहत मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि हो सकता है कि कुछ महीने पहले मेगा नीलामी में उनकी तरफ से कुछ गलतियां हुई जिसके कारण वह सही टीम संयोजन तैयार नहीं कर पाए। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम के लिए आईपीएल के वर्तमान सत्र में कुछ भी अच्छा नहीं चल पा रहा है। टीम को अभी तक खेले गए नौ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा है।

### अनुभवी खिलाड़ियों को समर्थन की जरूरत

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने अनुभवी खिलाड़ियों को उनके कठिन समय के दौरान कुछ छूट और समर्थन देने की वकालत करने के साथ मैदान के बाहर और अंदर मुश्किल समय का शानदार तरीके से सामना करने के लिए दिग्गज रोहित शर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या की तारीफ की। रोहित ने आईपीएल के इस सत्र के शुरुआती मैच में खराब प्रदर्शन करने के बाद लगातार दो अर्धशतक जड़ कर शानदार वापसी की है जबकि हार्दिक को पिछले साल टीम के खराब प्रदर्शन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था।



## मैड्रिड ओपन

# शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर और सबालेंका की आसान जीत



एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने शुरुआती मैचों में आसान जीत हासिल की। ज्वेरेव ने स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 6-2 से, जबकि सबालेंका ने क्वालीफायर अन्ना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-4 से हराया। तीसरे दौर में ज्वेरेव का मुकाबला नूनो बोर्गेस या एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका का तीसरे दौर में 28वीं वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस से मुकाबला होगा।

महिला वर्ग में ही अनास्तासिया पोटापोवा ने आठवीं वरीयता प्राप्त किनवेन झेंग को हराया, जबकि 15वीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स से 6-2, 2-6, 7-5 से हार गईं। छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने केटी बोल्टर को 6-1, 6-2 से हराया।

### पेगुला ने तीसरे दौर में बनाई जगह

तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने ईवा लिस को 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गईं। पेगुला का अगला मुकाबला मोयुका उचिजिमा से होगा, जिन्होंने ओंस जाबेउर को तीन सेटों में हराया। पुरुष वर्ग में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने ब्रिटेन के क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-1, 6-4 से और कैस्पर रूड ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने मारियानो नवोन को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से पराजित किया। बुधवार को टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक उम्र के मैच विजेता खिलाड़ी बनने वाले 38 वर्षीय गेल मोनफिल्स बीमारी के कारण गत चैंपियन एंड्रे रुबलेव के साथ मैच से हट गए।



### एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत ने पक्के किए 43 पदक

**अम्मान।** भारत के चार और मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर यहां चल रही पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश के लिए 43 पदक सुनिश्चित कर लिए हैं। भारत ने अंडर-15 वर्ग में कम से कम 25 पदक पक्के कर लिए हैं, जबकि अंडर-17 वर्ग में 18 पदक जीतने तय हैं, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों को कम से कम कांस्य पदक मिलता है। अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने अंडर-17 लड़कों के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमशः फिलीपींस और जॉर्डन के मुक्केबाजों के खिलाफ आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में, सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जॉर्डन की अया अलहसनत पर 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि हिमांशी (70 किग्रा) ने फिलिस्तीन की फराह अबू लैला के खिलाफ आरएससी के साथ पहले ही दौर में अपना मुकाबला समाप्त कर दिया।

महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया

# शांभवी ने निशानेबाजी में जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र की किशोरी शांभवी क्षीरसागर ने शनिवार को यहां कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं, ओलंपिक फाइनलिस्ट और राष्ट्रीय चैंपियन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही 16 वर्षीय शांभवी ने 633.5 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने 24 निशाने के फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 10.8 के शॉट के साथ हरियाणा की रमिता को पछाड़ दिया। रमिता पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहुंची थीं। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष ने कांस्य पदक जीता। शांभवी ने इससे पहले जूनियर महिला स्पर्धा में रजत और युवा महिला प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण जीता।



### नीस ने थामा पीएसजी का अजेय अभियान

**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मन का फ्रांसीसी फुटबॉल लीग (लीग 1) के वर्तमान सत्र में चला आ रहा अजेय अभियान शुक्रवार को यहां नीस से 3-1 से हार के साथ थम गया। पीएसजी ने तीन सप्ताह पहले ही फ्रांसीसी लीग का खिताब अपने नाम सुरक्षित किया था और उसकी कोशिश आखिर तक अजेय रहने की थी। पीएसजी की पिछले लगभग एक साल में यह अपने घरेलू मैदान पर पहली हार है जिससे उसकी आर्सेनल के खिलाफ मंगलवार को होने वाले चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण की तैयारी को भी झटका लगा है। नीस के मॉर्गन सैनसन ने मैच का पहला गोल किया। नीस की बढ़त हालांकि केवल पांच मिनट तक रही।



## महिला क्रिकेट टीम का त्रिकोणीय शृंखला कोलंबो में आज से

# भारत के युवा खिलाड़ी श्रीलंका को देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम त्रिकोणीय शृंखला के पहले मैच में रविवार को यहां जब श्रीलंका का सामना करने के लिए उतरेगी तो उसकी निगाह तेज गेंदबाज काशवी गौतम सहित युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के जरिए साल के आखिर में घरेलू धरती पर होने वाले 50 ओवर के विश्व कप की तैयारी भी शुरू करेगी।

भारत का बल्लेबाजी विभाग अच्छा नजर आता है लेकिन उसे एक अदद गेंदबाजी संयोजन तैयार करने की जरूरत है। भारत की पूर्व अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप विजेता काशवी ने महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जाइंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 6.45 की इकॉनमी रेट से नौ मैचों में 11 विकेट लिए। टिटास साधु, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर के चोटों के कारण बाहर हो जाने से भारतीय तेज गेंदबाजी अरुंधति रेड्डी पर निर्भर है, जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर टीम में एकमात्र अन्य मध्यम गति की गेंदबाज हैं। प्रेमदासा स्टेडियम में धीमी गति के गेंदबाजों का हमेशा बोलबाला रहा है, ऐसे में सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा के साथ-साथ मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी के 50 में से 30 ओवर फेंकने की उम्मीद है।



### भारतीय बल्लेबाजी मजबूत

भारतीय टीम ने त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले वेस्टइंडीज और आयरलैंड को तीन तीन वनडे मैच में हराया था और वह जीत का यह सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। शैफाली वर्मा को एक बार फिर से नजरअंदाज कर दिया गया है, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत, उप कप्तान स्मृति मंधाना, पावर-हिटर ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देयोल की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत नजर आती है। दीप्ति और अमनजोत भी अच्छी बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में काफी आक्रोश है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आतंकी हमले को अंजाम देने वाले व उसे प्रायोजित करने वाले को कड़ा सबक सिखाया जाय। सरकार ने इस दिशा में एक्शन शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में जहां आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, वहीं सरकार पाकिस्तान के खिलाफ भी प्रतीकात्मक व क्रियात्मक एक्शन ले रही है। सिंधु जल संधि के निलंबन से लेकर पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं, उच्चायोग में कर्मियों की कटौती की गई है, अटारी व वाघा सीमा से ट्रेड बंद किए गए हैं, हालांकि ये पहले से ही बंद जैसे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने हमलावर आतंकियों व इसके साजिशकर्ताओं को कल्पना से अधिक कड़ी सजा देने की बात कही है। आज इसकी जरूरत भी है। द रेजिसटेस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा की ही शाखा है, ऐसे में इस आतंकी हमले में भी पाकिस्तान के तार जुड़ रहे हैं। पाक अधिकृत कश्मीर में पाक फौज व आईएसआई के कई आतंकी प्रशिक्षण ठिकाने हैं। पीछे सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक भी इसी क्षेत्र के आतंकी ठिकानों पर हुए थे। आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए भारत का पीओके पर कब्जा जरूरी है। टेरर के खिलाफ एक्शन पर केंद्रित आजकल का यह अंक...**

# पीओके पर कब्जे से टूटेगी आतंक की कमर



**कूटनीति**

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

**पहलगाम नृशंस हत्याकांड के पश्चात भारत सरकार द्वारा जो तत्कालिक निर्णय लिए गए हैं, उनके संदर्भ में यक्ष प्रश्न है कि क्या वर्ष 1960 में पाकिस्तान के साथ अंजाम दी गई, सिंधु जल संधि को स्थगित कर देने से पाकिस्तान द्वारा परवरिश किए गए जिहादी आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सकती है? क्या बाघा बॉर्डर और अटारी बॉर्डर को सील कर देने से भारत और पाकिस्तान के मध्य विद्यमान 3323 किलोमीटर लंबी सरहद पार करके लगातार दाखिल हो रहे जिहादी आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर में दाखिल होने से रोका जा सकता है? कश्मीर की सरजमीं पर विगत 37 वर्षों से निरंतर जारी जिहादी आतंकवाद का निराकरण करने का क्या निर्णायक उपाय है?**

पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और परिपोषित जिहादी आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में अंजाम दिया गया नृशंस हत्याकांड कश्मीर में जिहादी आतंकवाद का ज्वलंत प्रश्न वस्तुतः एक बार फिर से राष्ट्रीय पटल पर आ गया है। इस नृशंस हत्याकांड के पश्चात भारत सरकार द्वारा जो तत्कालिक निर्णय लिए गए हैं, उनके संदर्भ में यक्ष प्रश्न है कि क्या वर्ष 1960 में पाकिस्तान के साथ अंजाम दी गई, सिंधु जल संधि को स्थगित कर देने से पाकिस्तान द्वारा परवरिश किए गए जिहादी आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सकती है? क्या बाघा बॉर्डर और अटारी बॉर्डर को सील कर देने से भारत और पाकिस्तान के मध्य विद्यमान 3323 किलोमीटर लंबी सरहद पार करके लगातार दाखिल हो रहे जिहादी आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर में दाखिल होने से रोका जा सकता है? आखिरकार कश्मीर की सरजमीं पर विगत 37 वर्षों से निरंतर जारी जिहादी आतंकवाद का निराकरण करने का क्या निर्णायक उपाय है?

कश्मीर के ज्वलंत प्रश्न पर भारत और पाक के मध्य चार भीषण युद्ध लड़े गए, जिनमें पाक फौज पराजित हुईं, किंतु कश्मीर विवाद यथास्थान खड़ा है। आक्रामक युद्धों में शिकस्त खाने के पश्चात पाक हुक्मरानों ने कश्मीर पर आधिपत्य स्थापित करने की खातिर जिहादी दहशतगर्दों के द्वारा प्राक्सी वार संचालित करने की रणनीति अख्तियार की। विगत 36 वर्षों से निरंतर जारी प्राक्सी वार द्वारा प्रदत्त जख्मों को भारत निरंतर झेलकर अपने तकरीबन 45 हजार सैनिकों और अफसरों का बलिदान दे चुका है। यूं तो कश्मीर की सरजमीं पर तकरीबन एक लाख से अधिक इंसान अपनी जान गवां चुके हैं। आखिरकार क्या निदान है कश्मीर विवाद का और पाकिस्तान द्वारा प्रेषित परिपोषित जिहादी आतंकवाद का?

## प्रॉक्सी वार कर रहा पाकिस्तान

भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात ही पाक हुकूमत द्वारा कश्मीर को सैन्य शक्ति द्वारा हथियाने की बाकायदा संगीन कोशिश अंजाम दी गई। जबकि पश्तुन कबाईली हमले का नकाब धारण करके मेजर जनरल अकबर अली खान के नेतृत्व में पाक फौज द्वारा ऑपरेशन गुलमर्ग के तहत रियासत कश्मीर पर 22 अक्टूबर 1947 को सैन्य धावा बोला गया। जम्मू कश्मीर रियासत के महाराजा हरि सिंह की छोटी सी सेना ताकतवर पाक फौज के आक्रमण का मुकाबला करने में नाकाम सिद्ध हुई। अंततः महाराजा हरि सिंह ने तत्काल प्रभाव से 26 अक्टूबर 1947 को संपूर्ण जम्मू कश्मीर रियासत का भारत के साथ संविलयन करने के लिए बाकायदा विलयपत्र पर दस्तखत कर दिए। भारतीय फौज आक्रमणकारी पाकिस्तानी फौज को जबरदस्त शिकस्त देते हुए निरंतर गति से आगे बढ़ रही थी और अपनी विजय पताका फहराती हुई उरी इलाके तक पहुंच गई थी, जहां से पाक अधिकृत कश्मीर का मुजफ्फराबाद इलाका कुछ ही घंटे की दूरी पर स्थित था। विजय पताका लहराती हुई भारतीय सेना को यकायक युद्ध विराम करने का आदेश भारत की केंद्रीय हुकूमत द्वारा दिया गया। भारत की तत्कालीन अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू कश्मीर विवाद को संयुक्त राष्ट्र में ले गए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जम्मू कश्मीर में जनमत संग्रह आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया। पाकिस्तान की हठधर्मिता के कारण जम्मू-कश्मीर में कभी संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में जनमत संग्रह नहीं आयोजित किया जा सका। 1988 से पाक हुकूमत ने कश्मीर पर बलपूर्वक आधिपत्य स्थापित करने के लिए प्रॉक्सी वार का संचालन प्रारंभ किया।



## आर्टिकल 370 को निरस्त किया

वर्ष 2019 में भारत सरकार में जम्मू कश्मीर प्रांत के लिए भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त आर्टिकल 370 को निरस्त किया। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा यह दावा पेश किया गया कि आर्टिकल 370 के निरस्त हो जाने से कश्मीर में जिहादी आतंकवाद का स्वतः सफाया हो जाएगा। मोदी सरकार द्वारा नोटबंदी अंजाम दी गई और दावा किया गया कि भारत में सक्रिय आतंकवादी गिरोहों की कमर टूट जाएगी। नोटबंदी से आतंकवादियों की कमर तो कदाचित नहीं टूट सकी, छोटे व्यापारियों की कमर जरूर टूट गई। कश्मीर में आतंकवाद निरंतर सक्रिय बना रहा, किंतु उसकी घातक क्षमता में किंचित मात्र कमी जरूर आई।

मंगलवार 22 अप्रैल को पहलगाम में जो अत्यंत बर्बर और नृशंस वारदात अंजाम दी गई, इसे विगत 10 वर्षों में सबसे विकट और घातक आतंकवादी हमला करार दिया जा रहा है। इस वारदात के बाद भारत सरकार की कश्मीर नीति पर अनेक तल्ख प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। वर्ष 2014 में सत्तासीन होते ही नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में जिहादी आतंकवाद का सफाया करने का जबरदस्त वादा पेश किया गया था। भारत की केंद्रीय हुकूमत ने ऐलान किया था कि आर्टिकल 370 के समापन के बाद भारत के सभी प्रांतों के लोग जम्मू-कश्मीर में अब जमीन खरीद सकते हैं, अपने उद्योग धंधे स्थापित कर सकते हैं, अपने घरों का निर्माण कर सकते हैं।

## नागरिकों को कड़ी सुरक्षा का दावा

भारत सरकार की कश्मीर नीति का सबसे आवश्यक ऐलान रहा है कि कश्मीर घाटी में पर्यटन को बढ़ावा प्रदान करना है और साथ ही भारतीय नागरिकों को कड़ी सुरक्षा प्रदान करनी है। यकीनन कश्मीर घाटी में पर्यटकों की संख्या में आश्चर्यजनक रूप से वृद्धि होने का दीदार हुआ। विगत वर्ष 2024 में तकरीबन 35 लाख पर्यटक कश्मीर घाटी में पधारे। कश्मीर की सरजमीं पर बॉर्डर टूरिज्म का भी आगाज़ किया गया। भारतीय हुकूमत की तरफ से कश्मीर में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर की जबरदस्त तामीरें अंजाम दी गई। अनेक शानदार बड़े टनल निर्मित किए गए। जम्मू कश्मीर के अत्यंत दुर्गम इलाकों को आपस में संबद्ध करने का अत्यंत दुरूह काम अंजाम दिया गया। इसी वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनमर्ग टनल का उद्घाटन किया जोकि सोनमर्ग को गगनगिरी से संबद्ध करता है। जम्मू-कश्मीर में ऊंची तालीम प्रदान करने के लिए अनेक संस्थानों का निर्माण किया गया। भारतीय हुकूमत की तरफ से यह पैगाम दिया गया कि कश्मीर में अब खौफ ओ दहशत का दौर खत्म हो गया है। भारतीय हुकूमत निरंतर दावा पेश करती रही कि कश्मीर में हालात सामान्य हो गए हैं और जिहादी दहशतगर्दी पर कठोर नियंत्रण स्थापित कर लिया गया है। भारत को एकजुट रखने के लिए केंद्रीय हुकूमत में शासन करने वाली पार्टी को अपनी ध्रुवीकरण और विभाजनकारी नीतियों का पूर्णतया परित्याग भी करना होगा। जिहादी आतंकवादी तो मजहब को आधार बनाकर मारने से पहले नाम पूछेंगे ही, क्योंकि पाकिस्तान का निर्माण ही मजहब के आधार पर हुआ है। यक्ष प्रश्न यह है कि हम भारतीय क्या कर रहे हैं ? पहलगाम क्षेत्र से जहां पर यह दुर्भाग्यपूर्ण आतंकवादी घटना अंजाम दी गई, भारतीय सेना की सुरक्षा हटा ली गई थी और तकरीबन डेढ़ वर्ष पूर्व जम्मू-कश्मीर पुलिस को इस क्षेत्र की समस्त सुरक्षा सौंप दी गई थी। एक ज्वलंत तथ्य पोनी घोड़ा चलाने वाला एक शख्स जो कि मजहब से मुसलमान था, उसने एक आतंकवादी से राइफल छीन लेने के प्रयास में अपनी जान दे दी। पहलगाम में तकरीबन दो हजार पर्यटकों की भीड़ को सुरक्षा देने वाला एक भी पुलिसकर्मी विद्यमान नहीं था। पाकिस्तान के दहशतगर्द जिहादी शर्मनाक और नृशंस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद मौका ए वारदात से बिना किसी मुकाबले के फरार हो गए।

## आतंकवादी हमले का मिला था इनपुट

इंटेलिजेंस के रॉबिनहुड कहे जाने वाले नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल कितने नाकाम सिद्ध हुए। पुलवामा की तरह पहलगाम में इंटेलिजेंस का इनपुट था कि आतंकवादी हमला अंजाम दिया जा सकता है, किंतु केंद्रीय हुकूमत ने इस पर कोई तवज्जो प्रदान नहीं की। आखिरकार वही हुआ जो कि नहीं होना था। वर्ष 2019 में आर्टिकल 370 को निरस्त करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में पहली दफा कश्मीर घाटी का दौरा किया। नरेंद्र मोदी का जम्मू-कश्मीर दौरा लोकसभा चुनाव से कुछ वक्त पहले संपन्न हुआ था। श्रीनगर की एक बड़ी आम सभा में जोरदार तकरीर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरमाया था कि कश्मीरी आजादी की सांस ले रहे हैं उन्होंने आगे फरमाया कि आर्टिकल 370 के निरस्त हो जाने के बाद कश्मीर की प्रगति और समृद्धि नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रही है। प्रधानमंत्री ने अपनी तकरीर में आगे कहा कि वर्षों तक कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने आर्टिकल 370 के विषय में जम्मू-कश्मीर और राष्ट्र के लोगों को भरमाया और बरगलाया। भारतीय हुकूमत के प्रधानमंत्री के तमाम दावों के बावजूद कश्मीर की वस्तु स्थिति के वास्तविक जानकार निरंतर कहते रहे हैं कि कश्मीर में जिहादी आतंकवाद पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका और यहां-वहां जम्मू-कश्मीर में अनेक स्थानों पर आतंकवादी हिंसा निरंतर जारी रही है। भारतीय सैनिक और कश्मीरी नागरिक आतंकवादियों द्वारा निरंतर हलाक़ किए जाते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म किए जाने के बाद सुरक्षा प्रबंधन की संपूर्ण शक्तियां केंद्रीय हुकूमत के हाथों में निहित रही हैं। कश्मीर में आतंकवाद की कमर तोड़ देने का केंद्रीय गृहमंत्री का दावा एकदम खोखला सिद्ध हुआ। कश्मीर घाटी की कठोर सच्चाई है कि आर्टिकल 370 को निरस्त किए जाने के बाद कश्मीर घाटी के आवाम पहले की ही तरह आतंकवाद की दहशत से पूर्णतया मुक्त नहीं हुए हैं। वर्ष 2019 में ही पुलवामा में आतंकवादी आक्रमण में सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए। केंद्रीय हुकूमत ने कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करने के लिए ऐसा कुछ भी नहीं किया, जोकि पहले से नहीं किया जा रहा था।

## संसद के प्रस्ताव को जामा पहनाना होगा

भारत को आतंकवाद के प्रतिरोध को अंजाम देने में तभी कामयाबी मिलेगी,जब भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा कथित एलओसी अर्थात लाइन ऑफ़ कंट्रोल को रौंद कर पाक अधिकृत कश्मीर में पाक आईएसआई द्वारा स्थापित किए गए आतंकवादी सैन्य शिविरों पर निरंतर आक्रमण अंजाम दिए जाएं। वर्ष 1993 में भारतीय संसद एक मत से यह प्रस्ताव पारित कर चुकी है कि संपूर्ण कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। वक्त आ गया है कि संसद के प्रस्ताव को भारतीय हुकूमत द्वारा अमली जामा पहनाया जाए और अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल करने के लिए एक बड़ी सैनिक कार्यवाही अंजाम दी जाए। अन्यथा कश्मीर में आतंकवाद का सफाया नामुमकिन रहेगा। कश्मीर पर संपूर्ण आधिपत्य स्थापित करने के लिए भारत को कूटनीति के साथ सैन्यनीति से एक निर्णायक जंग पाकिस्तान से लड़नी ही होगी।

# भारत की ओर से सैन्य कार्रवाई ही शेष



**पहलगाम**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

पहलगाम हमले के बाद संपूर्ण देश का सामूहिक मानस वैसी कार्रवाई, प्रतिरोध और प्रतिशोध का इच्छुक है जिससे भारत को दोबारा ऐसी भयानक घटना का सामना न करना पड़े। यह स्वाभाविक है। एक समय जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं आम थी और तब भी लोगों के अंदर क्रोध पैदा होता था लेकिन आम मानस यह था कि इसे रोकना अभी संभव नहीं। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के बाद माहौल बदला, आतंकवादी घटनाओं में व्यापक कमी आई है। जम्मू के साथ-साथ कश्मीर घाटी भी धीरे-धीरे आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक,शैक्षणिक गतिविधियों में देश के सामान्य राज्य की तरह काफी हद तक पटरी पर लौट गई है। ऐसे माहौल में एक साथ 26 हिंदुओं तथा एक गैर मुस्लिम की हत्या के बाद उबाल स्वाभाविक है।

## आतंकवाद के नाश का संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने भी आंतरिक और सीमा पार आतंकवाद के समूल नाश का सक्रिय संकल्प दिखाया है। मोदी सरकार ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक तथा 2018 में पुलवामा हमले के बाद हवाई बमबारी जैसी भारत की दृष्टि से अकल्पनीय मानी जाने वाली कार्रवाई करके देश का विश्वास प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री ने स्वयं 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी की आमसभा में केवल आतंकवादी नहीं उनको प्रायोजित करने वाली शक्तियों के विरुद्ध भी ऐसी कार्रवाई की घोषणा की जिसकी कल्पना नहीं की गई होगी। उनका विश्व के लिए संदेश था कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत कमर कस चुका है और कार्रवाई करेगा। कोई देश सार्वजनिक संकल्प दिखाते हुए समानांतर कदम उठाता है और उसकी पृष्ठभूमि आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की हो चुकी है तो विश्व समुदाय को भी सोच और व्यवहार को उसके अनुरूप बदलना पड़ता है। हम देख रहे हैं कि पाकिस्तान के साथ एक देश नहीं खड़ा है। वे मुस्लिम देश, जो सामान्यतः जम्मू कश्मीर पर इस्लामिक सम्मेलन संगठन या ओआईसी में उसका साथ देते थे, हिम्मत नहीं दिखा रहे। अमेरिकी विदेश विभाग की ब्रीफिंग में एक पाकिस्तानी पत्रकार के प्रश्न की विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने हिकारत के भाव से उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इस पर भारत के साथ हैं। सच है कि काश पटेल के नेतृत्व में अमेरिका की एफबीआई तथा तुलसी गवार्ड के निर्देशन में नेशनल इंटेलिजेंस आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में भारत के साथ खड़ा है। यूरोपीय देशों ने स्पष्ट रूप से भारत का समर्थन किया है। पाकिस्तान ने यद्यपि इस्लामाबाद में 26 देशों के राजनयिकों को बुलाकर अपनी दृष्टि से ब्रीफिंग की किंतु कोई उससे प्रभावित है, ऐसा लगता नहीं।

## सिंधु जल संधि स्थगित

प्रश्न है कि भारत क्या कर सकता है, क्या करेगा और कैसी संभावनाएं हैं? घटना के दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह के जम्मू कश्मीर से लौटने के बाद मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने तत्काल प्रभाव से पाकिस्तानियों को दिये हर तरह का वीजा रद करने, उन्हें देश छोड़ने, पाकिस्तानी



उच्चायोग से रक्षा और सैनिक विभाग के अपने समकक्षों को इस्लामाबाद से बुलाने तथा संख्या कम करने का अदम उठाया। इसके साथ सिंधु जल संधि स्थगित करने का अभूतपूर्व कदम उठाया। पाकिस्तान ने इसकी प्रतिक्रिया में सीनेट में प्रस्ताव पारित किया तथा आतंकवादी घटना से स्वयं को अलग करते हुए भारत पर ही बदनाम करने का आरोप लगाया। पाकिस्तान का सबसे बड़ा वक्तव्य है कि सिंधु जल समझौते को रद करना युद्ध जैसा कदम है। उसने 1972 के शिमला समझौते को समाप्त करने की धमकी दी। पाकिस्तान की दुर्दशा देखिए कि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक साक्षात्कार में आतंकी संगठनों के वित्त पोषण, प्रशिक्षण और समर्थन के इतिहास संबंधी प्रश्न पर स्वीकार किया कि हम अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए ऐसा करते रहे हैं और हमें इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हम अगर सोवियत संघ के खिलाफ अफगानिस्तान युद्ध या 9/11 में साथ नहीं होते तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड साफ रहता। तो इतना उन्होंने स्वीकार किया। यह भी वास्तविक सच को इस मायने में झूठलाना है क्योंकि स्थिति का लाभ उठाते हुए जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पाकिस्तान ने अपनी ओर से प्रायोजित किया और उसका पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जो एक हद तक अभी भी कायम है। विश्व के प्रमुख देशों की सूचना में ये सारी बातें हैं। इसलिए भारत ने जब 2018 में हवाई बमबारी की तो एक भी देश ने उसका विरोध नहीं किया। उस समय भी डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के और व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति थे। निःसंदेह, संपूर्ण देश में पाकिस्तान के विरुद्ध सैनिक कार्रवाई या युद्ध का माहौल बना हुआ है। इस दृष्टि से देखें तो सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई बमबारी की जा चुकी तथा इसके प्रभाव भी पड़े। स्वाभाविक ही इससे बड़ी कार्रवाई की स्थिति सामने है। तो आगे क्या? जम्मू-कश्मीर के लिए आंतरिक और बाह्य दोनों स्तरों पर कार्रवाई की आवश्यकता थी, जो हो रही है। पहलगाम के बाद उसको पूर्णता तक ले जाना अपरिहार्य हो गया है। भारत ने आंतरिक रूप से पहलगाम हमले के एक आतंकवादी अनंतनाग के बरा स्थित आदिल ठोकर उर्फ आदिल कुड़ी के घर को ध्वस्त किया तथा दूसरे आतंकवादी जैश ए मोहम्मद के आसिफ शेख का मकान तलाशी के दौरान स्वयं ध्वस्त हो गया।

## भारत अब बदल चुका

यह आतंकवादियों को सीधा संदेश है कि भारत बदल चुका है। सच यही है कि जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में न केवल भारत बदला है बल्कि जम्मू कश्मीर तथा अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य भी बदला हुआ है। यह पहली बार है जब आतंकवादी घटना के विरुद्ध कम या ज्यादा संख्या में संपूर्ण जम्मू कश्मीर से लोग सड़कों पर आए हैं, कैंडल मार्च और धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि यह सब गृह मंत्री अमित शाह के कश्मीर दौरे के बाद ही आरंभ हुआ। अमित शाह के साथ बैठक में मुख्यमंत्री के रूप में उमर अब्दुल्ला भी उपस्थित थे और वहां कुछ बातें हुई होंगी। उसके बाद नेशनल कांफ्रेंस ने पहली बार विरोध प्रदर्शन किया और महबूबा मुफ्ती जैसी पाकिस्तान के प्रति नरम नीति अपनाने वाली नेत्री को भी सड़क पर उतरना पड़ा। कश्मीर में जहां आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कार्रवाई के विरुद्ध नारे लगाते थे, पत्थरबाजी होती थी और किसी तरह आतंकवादियों के निकल भागने का रास्ता तैयार किया जाता था, उसके विपरीत यह दृश्य निश्चित रूप से महत्वपूर्ण बदलाव का संदेश है। थोड़ी गहराई और व्यापकता से विचार करें तो निष्कर्ष आएगा कि सीमा पर सैन्य कार्रवाई को छोड़कर किसी देश के विरुद्ध जितने कदम उठाए जा सकते थे, लगभग भारत ने एक बारगी उठा लिया है। इसका अर्थ है कि भारत समग्रता में दीर्घकालिक समाधान की दृष्टि से बहुपक्षीय कार्रवाई की ओर अग्रसर है।

# सबक सिखाना और सीखना दोनों जरूरी



**आतंकवाद**

राजकुमार सिंह

वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

बड़े लोगों के परिजन अकसर विदेश में ही रहते हैं, पर कहा जा रहा है कि सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर समेत पाकिस्तान के बड़े सैन्य अधिकारियों ने परिवारों को यूरोप भेज दिया है। यह पहलगाम पर आतंकी हमले के बाद भारत-पाक में बढ़ते तनाव का असर है। उन्हें डर है कि प्रतिक्रियास्वरूप भारत बड़ी कार्रवाई कर सकता है। अभी तक सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने, पाक उच्चायोग स्टाफ घटाने, सार्क समेत 14 श्रेणियों में पाक नागरिकों को जारी वीजा तुरंत रद करने और अटारी बॉर्डर बंद करने जैसे कुछ सख्त फैसले लिये हैं। पाकिस्तान ने भी भारत के लिए अपना एयरस्पेस बंद करते हुए जवाबी कदम उठाये हैं। यह तनाव और बढ़ सकता है। इसी साल विधानसभा चुनाव वाले बिहार में जनसभा के बजाय दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकियों को 'मिट्टी में मिला देने' की चेतावनी देते तो शायद और बेहतर संदेश जाता। बिहार को कुछ सौगातें देने के मौके पर जनसभा में मोदी ने कहा कि 'उन्हें उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा' मिलेगी। धार्मिक पहचान पूछ कर 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले मानवता के दुश्मनों को कठोरतम सजा मिलनी ही चाहिए, पर उनको नापाक मंसूबों में सफल हो जाने देने के लिए जिम्मेदार हमारे तंत्र पर भी तो गाज गिरनी चाहिए। पर्यटन कश्मीर की अर्थव्यस्था की रीढ़ है।

## सुरक्षा में चूक का सवाल

हाल के वर्षों में वहां पर्यटकों की बढ़ती संख्या भी सुखद है। फिर स्विटजरलैंड से तुलना वाली पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हजारों पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई मौजूद क्यों नहीं था? आखिर देश भर से ये पर्यटक 'स्थिति सामान्य' होने के सरकारी दावों पर भरोसा करते हुए ही वहां गये थे। आपसी रिश्ते रसातल में पहुंच जाने के बावजूद इस संकटकाल में विपक्ष ने हर कदम के लिए सरकार को समर्थन देकर समझदारी का परिचय दिया है, लेकिन सुरक्षा में चूक की बात घुमा-फिरा कर स्वीकार करने वाली व्यवस्था खुद पर उठते सवालों का जवाब कब देगी? केंद्र सरकार के ये स्पष्टीकरण कि टूर ऑपरेटर्स ने बिना बताये टूर शुरू कर दिये तथा जहां हमला हुआ, वह जगह मेन रोड से बहुत दूर है, गैर-जिम्मेदारी की पराकाष्ठा हैं। जो सरकारी तंत्र हजारों पर्यटकों के पहलगाम पहुंचने की जानकारी के लिए टूर ऑपरेटर्स की सूचना पर निर्भर हो तथा घटनास्थल मेन रोड से बहुत दूर होने के कारण वहां पर सुरक्षाकर्मी न होने का कुतर्क दे सकता हो, उसकी क्षमता और दक्षता पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं रह जाती। सामान्य समझ भी बताती है कि ऐसे हमले को बिना सुनियोजित साजिश और लंबी तैयारी के अंजाम नहीं दिया जा सकता।

## हमारे सत्ता तंत्र की जवाबदेही

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान द्वारा पुनः कश्मीर राग आलापे जाने तथा पाक सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर द्वारा अचानक हिंदू-मुसलमान के बीच स्पष्ट भेद बताते हुए



द्विराष्ट्र थ्योरी पर कुतर्कों के साथ लंबे प्रवचन से भी हमारी व्यवस्था के कान खड़े नहीं हुए। वैसे जो तंत्र हमले की आशंका की खुफिया सूचना के बावजूद पर्यटक स्थलों पर भी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाया, उससे दुनिया के घटनाक्रम से सजग होने की उम्मीद नहीं जा सकती। पहलगाम जैसे लोकप्रिय पर्यटक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था नदारद होने से सेना की घटती संख्या तथा अग्निवीर जैसी विवादास्पद योजना पर भी नये सिरे से सवाल उठने लगे हैं। तर्क दिया जा सकता है कि सुरक्षा में चूक के बाद सवाल उठना स्वाभाविक है, लेकिन इनके जवाब दूरगामी प्रभाव और परिणाम तय करेंगे।

पाकिस्तान तो अस्तित्व में आने के बाद से ही भारत में अलगाववाद और आतंकवाद फैलाने की साजिशें रचता रहा है, पर उन्हें नाकाम करते हुए देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी और जवाबदेही हमारे सत्ता तंत्र की है। इसलिए नापाक पाक पर निशाना साधते हुए भी अपनी नाकामी की जिम्मेदारी और जवाबदेही से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। संविधान संशोधनों के बाद जम्मू-कश्मीर की वास्तविक कमान केंद्र सरकार और उसके प्रतिनिधि उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा के ही हाथ है। पिछले साल अक्तूबर में विधानसभा चुनाव हो जाने के बावजूद सुरक्षा संबंधी अहम बैठकों में निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को बुलाया तक नहीं जाता। बेहद संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में निर्वाचित सरकार को नजरअंदाज कर सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद से लड़ाई में सफलता की सोच में ही विफलता निहित है। दूसरा बड़ा मुद्दा धार्मिक पहचान पूछ कर मारे जाने को बनाया जा रहा है। बेशक यह मानवता के विरुद्ध है, पर मानवता के विरुद्ध तो आतंकवाद ही है। पंजाब में आतंकवाद के दौर में भी धार्मिक पहचान के आधार पर बसों से उतार कर हत्या की जाती थी। पहलगाम में तो हिंदू पर्यटकों की जान बचाते हुए एक मुस्लिम ने अपनी जान तक गंवा दी। फिर भी देश के कई हिस्सों में कश्मीरी छात्रों को निशाना बना कर सांप्रदायिक विभाजन के पाकिस्तानी मंसूबे पूरे करने में कुछ लोग मददगार बनने को उतावले नजर आ रहे हैं। भारत और पाकिस्तान ही नहीं, दुनिया को भी लग रहा है कि कुछ बड़ा होगा, पर कोई नहीं जानता कि वास्तव में क्या होगा, लेकन जो भी होगा, आतंकवाद पर करारा वार होगा। मोदी के ऐसे सख्त बोल पिछली बार 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा हमले पर सुनायी पड़े थे और 26 फरवरी को तड़के भारतीय लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक कर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शिविरों को तबाह कर दिया। उरी हमले के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक के बाद यह दूसरी बार था, जब भारत ने सीमा पार कर आतंकियों और उनके आकाओं को सबक सिखाया। उसी के बाद सरकार और भाजपा ने नारा बुलंद किया कि यह नया भारत है, जो दुश्मन को घर में घुस कर मारता है। नारा जनता के सिर चढ़ कर बोला और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें 282 से बढ़ कर 303 हो गयीं। उत्साहित मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले, संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करते हुए उसे विभाजित भी कर दिया।

## प्रायोजित आतंकी हमले जारी

दावा किया गया कि अनुच्छेद 370 अलगाववाद और आतंकवाद का औजार बन गया था। बाद के सालों में जम्मू-कश्मीर में बेहतर हालात का दावा भी किया जाता रहा, लेकिन पहलगाम हमला बताता है कि सुरक्षा के मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। पाक प्रायोजित आतंकवाद के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे। हमेशा की तरह इस बार भी पाकिस्तान न भी माने, पर दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ है कि पहलगाम में सीमा पार प्रायोजित आतंकी हमला ही था, लेकिन अप्रत्याशित हरगिज नहीं था।

## पुणे में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने श्रीमंत दगडूशेठ गणपति की पूजा-अर्चना की

# भारत पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को 'करारा' जवाब देगा

### भाजपा अध्यक्ष ने हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों से भेंट की

एजेंसी ▶▶ पुणे

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि भारत पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को ''करारा'' जवाब देगा। इस सप्ताह की शुरूआत में इस हमले में 26 लोगों की जान चली गयी थी। श्रीमंत दगडूशेठ गणपति की पूजा-अर्चना करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि पूरे देश को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस हमले का कड़ा जवाब देंगे। पहलगाम के लोकप्रिय बैसरन मैदान में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में कम से कम 26 लोग मारे गए।

यह हाल के वर्षों में कश्मीर में हुए सबसे घातक आतंकवादी हमलों में से एक था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं यहां गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने आया हूं। जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में कायराना हमला हुआ, उससे पूरा देश गुस्से में है और उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस हमले का कड़ा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने आशीर्वाद मांगा है कि देश इस स्थिति का मजबूती से सामना करे और हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को 'करारा' जवाब दे। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि गणेशजी के आशीर्वाद, उनकी बुद्धि और शक्ति से देश इस कठिन समय से गुजर जाएगा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब दिया जाएगा।''



### यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं: योगी

**लखनऊ/लखीमपुर खीरी (उप्र) (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चेतावनी दी कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी जिले में शारदा नदी के प्रवाह नियंत्रित करने के कार्य (चैनलाइजेशन) का निरीक्षण और पलिया में जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान वितरण के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के प्रारंभ में पहलगाम में भारत के पर्यटकों पर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए उत्तर प्रदेश के लोगों की ओर से अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।



योगी ने कहा, ''सभ्य समाज में आतंकवाद और अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार का सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सभी की सुरक्षा पर आधारित है लेकिन अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा। तो कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति (जीरो टॉलरेंस) के तहत उसे उसी की ही भाषा में जवाब दिया जाएगा।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए योगी ने कहा, ''यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं।

## देशभर में थम नहीं रहा लोगों में आक्रोश

### मेरठ में पहलगाम हमले का विरोध



मेरठ। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में संयुक्त व्यापार संघ द्वारा आहूत बंद के दौरान शनिवार को मेरठ में लोग विरोध मार्च में हिस्सा लिया।

### मारे गए कानपुर के व्यापारी की पत्नी ने उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग की

**कानपुर (उप्र) (भाषा)।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या ने शनिवार को मांग की कि उनके पति को शहीद का दर्जा दिया जाए। पत्रकारों से बातचीत में ऐशन्या ने कहा कि उन्हें सरकार से और कुछ नहीं चाहिए बस आतंकी हमले में मारे गए उनके पति शुभम द्विवेदी को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए। ऐशन्या ने कहा कि पहली गोली मेरे पति को लगी और फिर आतंकवादियों ने यह पूछा कि हम हिंदू हैं या मुसलमान... ऐसे में कई लोगों को भागकर अपनी जान बचाने का समय मिल गया।'' उन्होंने कहा कि मुझे सरकार से और कुछ नहीं चाहिए, बस शुभम को शहीद का दर्जा दिया जाए। अगर सरकार मेरी इच्छा स्वीकार करती है तो मुझे भी जीने का मकसद मिल जाएगा। शुभम ने खुद को हिंदू बताकर गर्व के साथ अपनी जान कुर्बान की और उसने कई लोगों की जान भी बचाई है।'' ऐशन्या ने कहा,''नाम और धर्म पूछकर गोली चलाने वाले को खत्म कर देना चाहिए।''

### अमृतसर में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखीं बाजारों और शहर के अंदर मार्च निकाला

अमृतसर (भाषा) पंजाब के अमृतसर में व्यापारियों ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में शनिवार को अपनी दुकानें और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखे। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पहलगाम आतंकवादी घटना के विरोध में बाजारों और पुराने शहर के अंदर भी मार्च निकाला। अमृतसर व्यापारी संघ और कुछ अन्य संगठनों ने 'बंद' का आह्वान किया था। इस आह्वान के कारण निजी स्कूल भी बंद रहे। हालांकि, पेट्रोल पंप, सब्जी एवं दूध विक्रेताओं, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं को 'बंद' से छूट दी गई थी।

### वृन्दावन में साधु-संतों, व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

मथुरा (उप्र) (भाषा) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में साधु-संतों और व्यापारियों ने शनिवार को वृन्दावन में एक जुलूस निकाला। यह जुलूस विद्यापीठ चौराहे से बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचा। इस दौरान रास्ते में कई दुकानदारों से दुकानों पर नाम लिखने को कहा गया। जुलूस का नेतृत्व काशी विद्वत परिषद के पश्चिम भारत प्रभारी नागेंद्र गौड़ ने किया। गौड़ ने संवाददाताओं से कहा कि जुलूस लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में नारेबाजी की और दोषियों को कठोरतम दंड दिए जाने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कई दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने दुकानों पर अपना नाम नहीं लिखा तो दुकानों के बोर्ड पर रंग पोत दिया जाएगा।

## भारत पड़ोसी को नुकसान नहीं पहुंचाता: भागवत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को एक बार फिर पहलगाम हमले पर बयान दिया। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, 'अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो उनका क्या करें। उन्होंने कहा कि राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।' भागवत ने यह बात नई दिल्ली में पीएम संग्रहालय में स्वामी विज्ञानंद की पुस्तक 'हिंदू मेनिफेस्टो' के विमोचन के दौरान कही। इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। 'दुनिया को हमें बहुत सिखाना है और हमारे पास बहुत है। हमारी अहिंसा लोगों को बदलने के लिए है। उन्हें अहिंसक बनाने के लिए है। कुछ लोग तो बन गए, लेकिन कुछ नहीं बने। वे इतने बिगड़े हैं कि कुछ भी करो वे नहीं बदलेंगे। बल्कि दुनिया में और उपद्रव करेंगे। 'मैंने रावण का जिक्र इसलिए किया, क्योंकि हम तो किसी के दुश्मन नहीं, द्वेष हमारा स्वभाव नहीं है। रावण का वध भी उसके कल्याण के लिए हुआ था। उसके पास अच्छा आदमी बनने के लिए जो जरूरी होता है वह सब था।'

- कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो, राजा का कर्तव्य लोगों की रक्षा करना




### फड़णवीस ने आतंकी हमले में मारे गए गणबोटे के परिजनों से मुलाकात की



पुणे (भाषा) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए कौस्तुभ गणबोटे के परिजनों से शनिवार दोपहर पुणे में मुलाकात की। उन्होंने कोंढवा स्थित गणबोटे के घर जाकर उनके परिजनों से बात की। गणबोटे पत्नी संगीता और करीबी दोस्त संतोष जगदाले के परिवार के साथ कश्मीर गए थे। मुख्यमंत्री जगदाले के परिजनों से मुलाकात करने उनके घर भी जाएंगे। मंगलवार, 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पर्यटन केंद्र पहलगाम के निकट बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए। इनमें अधिकतर पर्यटक थे। जगदाले और गणबोटे इन 26 लोगों में शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में आग से एक महिला की मौत, 6 भर्ती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अंधेरी उपनगर स्थित आवासीय परिसर के एक अपार्टमेंट में शुक्रवार रात 2.40 बजे आग लगने से एक महिला की मौत हो गई तथा 2 बच्चों सहित छह अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में 8 मंजिला 'ब्रोक लैंड' इमारत की पहली मंजिल पर फ्लैट में आग लगी। अभिना संजनवाला की मौत हो गई।

### असम में 'पाक समर्थक' पोस्ट में 9 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान समर्थक रुख अपनाने के आरोप में राज्य में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिससे राज्य में इस तरह के मामलों में गिरफ्तार लोगों की संख्या 9 हो गई है। उन्होंने बताया कि नवीनतम गिरफ्तारी शुक्रवार रात श्रीभूमि जिले में की गई।

### झांसी जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में आग

**झांसी।** यहां शनिवार शाम जिला अस्तपाल के बच्चा वार्ड की छत पर शार्ट सर्किट से आग भड़क उठी। आग की लपटें देखकर वहां चीख-पुकार मच गई। जिनके बच्चे वार्ड में भर्ती थे, वेबच्चों को लेकर बाहर भागने लगीं। अस्पताल प्रशासन ने आग बुझाने की कोशिश की। दमकल की गाड़ियां भी बुला ली गईं। करीब आधे घंटे में काबू पाया जा सका।

### देवबंद में विस्फोट से 3 युवकों की मौत

**देवबंद।** यहां शनिवार सुबह करीब 6 बजे एक पटाखा फैक्टरी में जोरदार विस्फोट हुआ। इस धमाके से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट के समय फैक्टरी के अंदर कई लोग मौजूद थे, हादसे में तीन युवकों की मौत हुई है।डीएम मनीष बंसल ने तीन लोगों के मरने की पुष्टि की है। इसमें राहुल उर्फ काका, विशाल और विकास निवासी जड़ौदा जट शामिल हैं।

## सेनाप्रमुख ने रक्षा मंत्री से मुलाकात की, जम्मू के हालात की दी जानकारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- बीते शुक्रवार रात केंद्रशासित प्रदेश की एक दिवसीय यात्रा कर लौटे थे जनरल द्विवेदी

पहलगाम आतंकी हमले के बीच जम्मू-कश्मीर की यात्रा कर लौटे सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उन्हें केंद्रशासित प्रदेश में जमीनी स्तर पर बने हुए मौजूदा सुरक्षा हालात और सेना की रणनीतिक तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि इस मुलाकात में रक्षा मंत्री ने सेनाप्रमुख को सीमा पर उच्च-स्तर की सतर्कता के साथ निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। जनरल द्विवेदी ने बीते शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर का एक दिवसीय दौरा किया था।

जिसमें सेना के वरिष्ठ स्थानीय कमांडरों ने उन्हें श्रीनगर से लेकर अन्य स्थानों पर ब्रीफिंग दी थी। जनरल द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और डीजीपी से भी अपनी यात्रा में मुलाकात की थी।

### हमले के दोषियों को मिलेगा करारा जवाब

गौरतलब है कि आतंकी हमले के बाद नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारत और पाकिस्तान के बीच बने हुए तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व में अपने एक भाषण में कहा था कि हमले के गुनहगारों को चाहे वो परदे के पीछे ही क्यों न छिपे हुए हों। भारत की तरफ से माकूल जवाब देकर कड़ा सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने तीनों सेनाप्रमुख (जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और एडमिरल डी.के.त्रिपाठी) के साथ एक उच्च-स्तरीय सुरक्षा बैठक कर सीमाओं से जुड़े हर इलाके की हाईअलर्ट के साथ निगरानी करने का निर्देश दिया है।

### आतंकी हमले का लिंक धनबाद तक पहुंचा

## वासेपुर में एटीएस ने की छापेमारी चार लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ रांची

पाकिस्तान द्वारा साजिश रचकर जिस प्रकार से कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के जरिए निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया और बेहरमी से उनकी हत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले से देश एकजुट हो चुका है। इसी सिलसिले में झारखंड के धनबाद में शनिवार को एटीएस द्वारा छापेमारी की गई।

वासेपुर स्थित शमशेर नगर में एटीएस की टीम ने छापेमारी करते हुए चार लोगों को हिरासत में लिया है। मौके पर से कुछ धार्मिक किताबें, स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं।



**जिहादी विचारधारा फैला रहे**

*जिहादी विचारधारा फैलाने और देश विरोधी गतिविधि में शामिल होने का आरोप लगा है। छापेमारी के दौरान जिन चार लोगों को पकड़ा गया है, वो आयान जावेद, शबनम, यूसुफ और कौशर हैं। आरोप है कि यह लोग जिहादी विचारधारा को फैलाने का प्रयास कर रहे थे।*

### दिल्ली : पुलिस सत्यापन अभियान के बाद पाक हिंदू शरणार्थी अपनी स्थिति को लेकर चिंतित

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के मजनू का टीला में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी समुचित जानकारी नहीं होने के कारण अपनी स्थिति को लेकर चिंतित हैं, हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से दिए गए दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) वैध रहेंगे। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि सत्यापन अभियान शुरू किया गया है, लेकिन वे यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी को भी अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बर्बर आतंकवादी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद कड़े कदम उठाते हुए भारत ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा 27 अप्रैल से रद्द माने जाएंगे और इन लोगों को इस अवधि से पहले देश छोड़ना होगा। सरकार ने बाद में स्पष्ट किया कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से दिए गए दीर्घकालिक वीजा वैध रहेंगे।

### गुजरात में अवैध अप्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई

## हिरासत में लिए गए हजारों बांग्लादेशी, इनमें दो अलकायदा के स्लीपर सेल, प्रत्यर्पण करेंगे

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गुजरात में एक हजार से अधिक बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया है।

राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि सूरत और अहमदाबाद में तलाशी अभियान के दौरान अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनके प्रत्यर्पण के प्रयास जारी हैं। गृह मंत्री ने इसे गुजरात पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई बताते हुए कहा कि अहमदाबाद में कम से कम 890 तथा सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने अवैध अप्रवासियों को चेतावनी दी कि वे अपनी इच्छा से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा उन्हें पकड़ लिया जाएगा और निर्वासित कर दिया जाएगा। उन्होंने अप्रवासियों को आश्रय देने वाले लोगों को भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

**कई मादक पदार्थ और मानव तस्करी में शामिल**



### महाराष्ट्र में पांच हजार पाकिस्तानी : मंत्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने शनिवार को कहा कि राज्य में 5,000 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं, जिनमें 1000 अल्पकालिक वीजा पर हैं और उन्हें केंद्र के निर्देशानुसार देश छोड़ने को कहा गया है। कुछ लोग पिछले 8-10 वर्षों से भारत में रह रहे हैं, कुछ का यहां विवाह हुआ है और कुछ ऐसे हैं जिन्होंने अपना पाकिस्तानी पासपोर्ट जमा कर दिया है और नागरिकता के लिए आवेदन किया है।

### हैदराबाद में राहुल ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

# आज विपक्ष से संवाद नहीं, कुचलने का प्रयास हो रहा

### भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हैदराबाद में भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ साल पहले कांग्रेस पार्टी खुद को पूरी तरह से फंसा और अलग-थलग महसूस कर रही थी। उन्होंने कहा कि नई राजनीति जो आक्रामक है और जहां विपक्ष से संवाद नहीं बल्कि उसे कुचलने का प्रयास होता है, उसने हमारे सभी रास्ते बंद कर दिए। मीडिया और माहौल दोनों ने हमें स्वतंत्र रूप से काम करने की अनुमति नहीं दी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री रवंत रेड्डी की खूब सराहना भी की।

### सरकार डर और नफरत में हमें हर बार हरा देगी



राहुल गांधी ने बताया कि इसी स्थिति में कांग्रेस ने अपने इतिहास में झांका और कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालने का फैसला किया. उन्होंने कहा कि इस यात्रा से मैंने दो बातें सीखी। पहली- हमारे विरोधियों के पास गुस्सा, डर और नफरत पर एकाधिकार है। हम उनसे इस मैदान पर कभी मुकाबला नहीं कर सकते। वे गुस्से, डर और नफरत में हमें हर बार हरा देंगे। राहुल ने कहा कि अब सवाल ये है कि कांग्रेस को किस जगह और किस भावना से काम करना चाहिए और कैसे एक मजबूत जवाबी नैरेटिव खड़ा किया जा सकता है।

### सीएम रेड्डी ने गिनाईं उपलब्धियां

इससे पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत समिट में कहा कि तेलंगाना एक समृद्ध इतिहास, अनूठी संस्कृति और परंपराओं की भूमि है। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे छात्रों, श्रमिक संगठनों, किसानों और महिलाओं के नेतृत्व में लंबे संघर्ष के बाद तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद भी लोगों की आकांक्षाएं पूरी नहीं हो सकीं। कांग्रेस पार्टी को सत्ता सौंपते हुए जनता ने उम्मीद जताई थी कि उनके सपने साकार होंगे और उनकी सरकार अब इन सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में 20,617 करोड़ के कृषि ऋण माफ़ किए गए।

### उप्र में पाकिस्तानी नागरिकों को स्वदेश भेजने का सिलसिला शुरू

- प्रयागराज से शेष तीन को भेजने की तैयारी

लखनऊ (भाषा) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को स्वदेश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के जिलों में पड़ताल शुरू कर उन्हें वापस भेजने का सिलसिला शुरू हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रयागराज जिले से एक पाकिस्तानी महिला को शुक्रवार को वापस भेज दिया गया, जबकि शेष तीन महिलाएं शनिवार को लौट जाएंगी। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने बताया, ''पाकिस्तान की एक महिला शुक्रवार को यहां से जा चुकी है, जबकि तीन पाकिस्तानी महिलाओं से हमने बात कर ली है और वे आज यहां से निकल जाएंगी।'' उन्होंने बताया, ''ये सभी अल्पकालिक अवधि के लिए यहां आई थीं। एक महिला इलाज के लिए आई थी। हम स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) के संपर्क में हैं और स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखे हुए हैं।'' गाबा ने कहा कि यह (पाकिस्तानी लोगों) पूरे प्रयागराज जनपद का आंकड़ा है।

भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान खड़गपुर
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR
विज्ञापन सं.: R/03/2025 दिनांक अप्रैल 16, 2025
संस्थान विभिन्न गैर-शिक्षण (मेडिकल कैडर) पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए:
http://www.iitkgp.ac.in/non-teaching-positions पर जाएं।
कुलसचिव/Registrar
Cbc 21255/12/0001/2526

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 47 केंद्रों से जुड़े

# 'विकसित भारत' के निर्माण में युवाओं का किया आह्वान, 51, 236 नियुक्ति पत्र दिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 15वें रोजगार मेला कार्यक्रम में 51,236 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित किया गाया। इसमें देशभर के 47 केंद्रों से जुड़ा रहा। पीएम मोदी ने नए कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि अब वे भारत की अर्थव्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि आपकी लगन जितनी अधिक होगी, हम उतनी तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं की ताकत पर जोर देते हुए कहा कि जब देश के विकास में युवा भागीदार बनते हैं, तो तेजी से तरक्की होती है। उन्होंने 'स्किल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने नवाचार, स्वरोजगार और तकनीकी नेतृत्व को बढ़ावा दिया है। डिजिटल क्रांति में भारत की उपलब्धियों को उजागर करते हुए पीएम मोदी ने युवाओं की मेहनत को श्रेय दिया।

### रोजगार मेले का आयोजन

### 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' का किया जिक्र

पीएम ने केंद्रीय बजट में घोषित 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' की भी चर्चा की, जो 'मेक इन इंडिया' अभियान को गति देगा और युवा उद्यमियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा वाले उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि ऑटोमोबाइल, फुटवियर, खादी और कुटीर उद्योग जैसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है और खादी का कारोबार अब 1.7 लाख करोड़ से अधिक हो गया है।

### देश के युवा विकास में शामिल होंगे तो तरक्की भी होगी पक्की




### आइए, हम सब मिलकर 'विकसित' और 'समृद्ध' भारत बनाएं

पीएम ने कहा कि हम सब मिलकर एक 'विकसित' और 'समृद्ध' बनाएं। ये नई नियुक्तियां गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, राजस्व विभाग और उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालयों और संगठनों में की गई हैं। अक्टूबर 2022 से अभियान के तहत अब तक 10 लाख से अधिक स्थायी सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। पहले मेले में 75,000 और दिसंबर 2023 में आयोजित 14वें मेले में 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे।

#### आज जलमार्गों की संख्या बढ़कर हो गई 110

पीएम ने बताया कि जलमार्गों से माल ढुलाई 2014 में 18 मिलियन टन से बढ़कर आज 145 मिलियन टन हो गई है और राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या 5 से बढ़कर 110 हो गई है।

#### एआई और नए मीडिया क्षेत्र युवाओं के लिए बड़े अवसर होंगे

पीएम ने मुंबई में 2025 में होने वाले 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एआई और नए मीडिया क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा।

#### महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा भी की

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा करते हुए पीएम मोदी ने हालिया यूपीएससी परीक्षा परिणामों का जिक्र किया, जिसमें शीर्ष दो स्थान महिलाओं ने हासिल किए।

### 'मन की बात' का 121वां एपिसोड आज

## 'नमन परिवार' को समर्पित होगा यह कार्यक्रम




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम के 121वें एपिसोड में इस रविवार झारखंड को विशेष प्रतिनिधित्व मिलने जा रहा है। पूर्वी भारत के बिहार, बंगाल, उड़ीसा और झारखंड में से इस बार जमशेदपुर स्थित नमन परिवार को इससे सीधे जुड़ने का गौरव प्राप्त हुआ है। देशभर में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने वाले नमन परिवार के सदस्य 27 अप्रैल के पूर्वाह्न 11 बजे प्रधानमंत्री के विचारों को सामूहिक रूप से सुनेंगे और साथ ही शहीद परिवारों एवं पूर्व सैनिकों को समर्पित एक विशेष आयोजन का भी हिस्सा बनेंगे। यह आयोजन साकची काशीडीह स्थित नमन कार्यालय में होगा, जहां नमन के सदस्यगण, पूर्व सैनिक, युवा और समाजसेवी एकत्रित होंगे। देश के रक्षार्थ अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का सम्मान और उनके परिवारजनों के साथ एक आत्मीय संवाद कार्यक्रम का केंद्र बिंदु होगा।

### पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया गया

# पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख लोग हुए शामिल

### राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी पोप को भावभीनी श्रद्धांजलि

एजेंसी ▶▶| वेटिकन सिटी



शनिवार को पोप फ्रांसिस को दफनाया गया। पोप के अंतिम संस्कार में दुनिया भर की कई हस्तियां शामिल हुईं जिनमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष और राजा शामिल हैं। अंतिम संस्कार की रस्में सेंट पीटर्स स्कवायर में की गईं। रस्मों के बाद कैदी और प्रवासी पोप के पार्थिव शरीर को ताबूत में लेकर बेसिलिका में ले जाया जाएगा, जहां उन्हें दफनाया गया। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख से अधिक लोग शामिल हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी।

उनके साथ केंद्रीय संसदीय कार्य-अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद हैं। मुर्मू पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी पहुंची। साथ ही मत्स्य-पशुपालन व डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, और गोवा विधान सभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी पहुंचे हैं। भारत ने पोप के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए इटली ने कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं, जिनमें 2500 से ज्यादा पुलिसकर्मी, 1500 सैनिकों को तैनात किया गया है। साथ ही तटों पर टारपीडो जहाज और लड़ाकू विमानों के दस्ते तैनात किए गए हैं।

### ये दुनिया उनकी सेवाओं को याद करेगी: मोदी

पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि ये दुनिया पोप फ्रांसिस को समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने लिखा कि राष्ट्रपति जी ने भारत के लोगों की तरफ से पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। ये दुनिया समाज के लिए उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी।

# यूएनएससी ने कड़े शब्दों में की पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत को दुनियाभर के देशों से समर्थन मिल रहा है। अब इस सूची में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संगठन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का नाम भी शामिल हो गया है। परिषद ने बीते शुक्रवार देर रात एक बयान जारी कर न केवल 22 अप्रैल को हुए इस आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। बल्कि हमले के अपराधियों, आयोजकों, प्रायोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कटघरे में खड़ा करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यूएनएससी ने सभी देशों से इस मामले में अपने-अपने स्तर पर सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक देश को वैश्विक कानूनों, यूएनएससी के प्रस्तावों के तहत काम करते हुए सभी संबंधित

**बयान जारी कर कहा, हमले के दोषियों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए।**

अधिकारियों के साथ मिलकर कार्रवाई करनी चाहिए। परिषद के वर्तमान में अध्यक्ष फ्रांस के राजदूत जेरोम बोनाफोंट की तरफ से यह बयान जारी किया गया। जिसमें भारत और नेपाल की सरकारों के प्रति गहन संवेदना प्रकट करते हुए हमले में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई है। यूएनएससी में अमेरिका ने इस मामले पर बयान का प्रारूप प्रस्तुत किया था। जिस पर बाद में परिषद के सदस्यों ने चर्चा की।

वहीं, इस आतंकी हमले के बाद यह पहला मौका है जब यूएन सुरक्षा परिषद ने इस संबंध में आधिकारिक रूप से कोई बयान जारी किया है। इससे पहले हालांकि परिषद के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यक्तिगत रूप से संचार के विभिन्न माध्यमों के जरिए हुई बातचीत में हमले को लेकर संवेदनाएं जताते हुए अपने देश की तरफ से समर्थन दिया था।

यहां बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 लोगों की मौत हुई है। इनमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल है। मारे गए लोगों में ज्यादातर भारत के विभिन्न राज्यों से पहलगाम गए पर्यटक थे। घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं। जिनमें सिंधु जल समझौता स्थगित करने से लेकर पाक नागरिकों के वीजा रद्द करने, अटारी सीमा पर एकीकृत चेक पोस्ट को बंद करने और निर्धारित समय सीमा में भारत के विभिन्न राज्यों में मौजूद पाक नागरिकों को देश छोड़ने का फरमान सुनाया गया है।

## एक्वा बीमा को बढ़ावा देने 255 करोड़ की मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन कल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग 28 अप्रैल को मुंबई के होटल ताज महल पैलेस में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय की अध्यक्षता में तटीय राज्यों की बैठक का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के जॉर्ज कुरियन भी भाग लेंगे। राजीव रंजन धानमंत्री मत्स्य संपदा योजनाके तहत 255.30 करोड़ के परिव्यय के साथ 7 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## स्कूलों में डीईआई से जुड़े कार्यक्रम को दी चुनौती

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के 19 राज्यों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया है। राज्यों की तरफ से ये मुकदमा राष्ट्रपति ट्रंप के उस फैसले के खिलाफ किया गया है कि, जिसमें स्कूलों से कहा गया था कि वे विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) से जुड़े कार्यक्रमों को बंद करें, वरना उनकी फंडिंग रोक दी जाएगी। मामला बीते 3 अप्रैल का है, जब अमेरिकी शिक्षा विभाग ने सभी राज्यों से कहा था कि वे यह प्रमाणित करें कि उनके स्कूल अवैध डीईआई नीतियों को नहीं अपना रहे हैं। आदेश असंवैधानिक राज्यों द्वारा मैसाचुसेट्स में दायर इस मुकदमे में ट्रंप प्रशासन के इस आदेश को गैरकानूनी और असंवैधानिक बताया है। मुकदमे में यह भी कहा गया कि यह आदेश स्कूलों और छात्रों के हितों के खिलाफ है, खासकर उन बच्चों के, जो पहले से ही शिक्षा में पीछे हैं या विशेष जरूरतों वाले हैं। 19 राज्यों ने कहा है कि वे पुराने कानूनों और नीतियों पर कायम रहेंगे। जो छात्रों को सुरक्षित और सम्मानित माहौल देने के लिए बनाए गए हैं। इसके साथ ही मुकदमे में यह भी आरोप है कि ट्रंप प्रशासन का यह कदम देश भर में 13.8 अरब डॉलर की शिक्षा फंडिंग को खतरे में डाल रहा है, जिसमें विकलांग बच्चों के लिए मिलने वाली राशि भी शामिल है।





HIPL के साथ LED हेडलैम्प** | RTMI## के साथ फुल डिजिटल मीटर | कॉल और SMS अलर्ट के साथ ब्लूटूथ | USB मोबाइल चार्जर | हाइपोथेकेशन नहीं~ | आधार आधारित EMI~ | ग्रीन बोनस*** 1,500 तक | 90%~ तक लोन

कॉल टोल फ्री 1800 266 0018

CSD/CPC/कॉर्पोरेट कर्मचारी के लिए विशेष ऑफर; हमसे संपर्क करें: institutionalsales@heromotocorp.com

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Financial schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. Available at select dealerships. #Mileage is based on the testing report of Govt. certified agency. Actual mileage may vary as per road/riding conditions. **HIPL stands for High Intensity Position Lamp. ##RTMI stands for Real Time Mileage Indicator. ***Green bonus is applicable on the exchange of an old vehicle under Wheels of Trust. Financial schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Ex-showroom price of Splendor XTEC 2.0 and Super Splendor XTEC Drum variant in Gurgaon.

**Authorised Dealers: Ambala Cantt:** Haryana Motors, 9289923122; **Ambala City: Dhruv Hero**, 9289922868; **Assandh: Sandhu Hero**, 9289922815; **Bahadurgarh: Satvik Hero**, 9289922550 **Bhiwani: Jaya Hero**, 9289922056; **Ellenabad: Ajit Hero**, 9289922505; **Fatehabad: Shri Balaji Hero**, 9289922057; **Gharaunda: Laxmi Hero**, 9289922433; **Gohana: Krishna Hero**, 9289923026; **Hisar: Chaudhary Hero**, 9289922049, **Vikrant Hero**, 9289923082; **Jhajjar: Pushkar Hero**, 9289923147; **Jagadhari: Khanna Hero**, 9289922050; **Jind: National Hero**, 9289922061; **Kaithal: Chaudhary Hero**, 9289922062; **Karnal: Nirmal Hero**, 9289922048; **Kurukshetra: VPS Hero**, 9289922988; **Ladwa: Khanna Hero**, 9289922063; **Mandi Dabwali: Karan Hero**, 9289922490; **Nuh: Sunil Hero**, 9289923087; **Narnaul: Autodeals Hero**, 9289922058; **Narwana: Narwana Hero**, 9289923101; **Palwal: DevVaahan Hero**, 9289922877; **Panchkula: Regent Hero**, 9289923161; **Panipat: Kadian Hero**, 9289923182, **Sahib Hero**, 9289922059; **Pehowa: Saraswati Hero**, 9289922393; **Rewari: Virendra Hero**, 9289922060; **Rohtak: Shivam Hero**, 9289922047; **Sirsa: Khanna Hero**, 9289923195; **Sonipat: Sidak Hero**, 9289922865; **Yamuna Nagar: Rohit Hero**, 9289922394; **Faridabad: Sehgal Hero**, 9289922419, **Sehgal Hero, NIT**, 9289207333, **Gurgaon: Himgiri Hero**, 9289923046, **Autoneeds Hero**, 9289922051, **Jaasodha Hero**, 9289922495, **Sharma Hero, Basai Road Sector 11**, 9289923221, **Hansi: Sunil Motors**, 9821744694.

FCB.INTERFACE/3152/APRIL2025/HINDI